राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत


वर्ष : 13 , अंक : 149, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 14 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


एलजी ने डीयू में 74वें वार्षिक अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन का उद्घाटन किया .... पेज 03

अल्पविकसित व मलिन बस्तियों में बड़े स्तर पर विकास कार्यों को गति देगी योगी सरकार .... पेज 05

टी20 रैंकिंग के शीर्ष में सूर्य कुमार ने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा .... पेज 07


विरोध प्रदर्शन



जम्मू में अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा कर्मियों के साथ झड़प में अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के अभ्यर्थी।

# संसद पर एक और हमला

## 5 लेयर सुरक्षा तोड़कर लोकसभा में घुसे प्रदर्शनकारी



नई दिल्ली। संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी पर बुधवार को लोकसभा में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब विजिटर्स गैलरी से 2 युवक अचानक नीचे कूद गए। उस समय लोकसभा में बीजेपी सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। युवक सदन की बेंच पर कूदते हुए आगे बढ़ने लगे। इसी बीच उन्होंने जूते से निकालकर कुछ स्प्रे किया, जिससे सदन में पीला धुआं फैलने लगा। पूरे सदन में भगदड़ मच गई। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने संसद पर हमले की धमकी दी थी। इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस अलर्ट पर थी। फिर भी 5 लेयर सुरक्षा तोड़कर लोकसभा में प्रदर्शनकारी घुसे और हंगामा किया।

### लोकसभा में घुसे दोनों युवक गिरफ्तार

लोकसभा में प्रदर्शन कर रहे युवकों को कुछ सांसदों ने घेरकर पकड़ लिया। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके नाम सागर शर्मा (लखनऊ) और डी मनोरंजन (मैसुरु) हैं। कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने बताया, मैंने हंगामा करने वाले को सबसे पहले पकड़ा।

### सांसदों ने युवकों की पिटाई कर डाली

युवकों की गिरफ्तारी से पहले कुछ सांसदों ने उनकी पिटाई भी की। यह सब देख स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### संसद के बाहर भी प्रदर्शन कर रहे 2 अरेस्ट

जब दोनों युवक संसद के अंदर हंगामा कर रहे थे, तभी दो अन्य अमोल शिंदे (लातूर, महाराष्ट्र) और नीलम (हिसार) संसद के बाहर नारेबाजी-प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि पुराने संसद भवन पर 13 दिसंबर 2001 को 5 आतंकियों ने हमला किया था। इसमें दिल्ली पुलिस के 5 जवान समेत 9 लोगों की मौत हुई थी।

### कुल 6 लोग थे, दो सदन के अंदर और दो बाहर, 1 अभी फरार

इस घटना में कुल 6 लोग शामिल बताए जा रहे हैं। सागर और मनोरंजन सांसद विजिटर पास से लोकसभा में घुसे। वहीं, सदन के बाहर अमोल और नीलम ने पीले रंग का धुआं छोड़ा। इनके पास से कोई फोन या बैग बरामद नहीं हुआ। बाहर से गिरफ्तार हुए दोनों लोगों का दावा है कि ये खुद संसद पहुंचे और उनका किसी संगठन से ताल्लुक नहीं है।

पांचवां व्यक्ति गुरुग्राम का विक्की शर्मा है। जिसने हमले से पहले सभी को अपने घर रोका था। पुलिस ने उसे पत्नी समेत अरेस्ट कर लिया है। पुलिस को शक है कि इसी के घर हमले की प्लानिंग हुई थी।

छठे व्यक्ति का नाम ललित झा बताया जा रहा है, जो गुरुग्राम में रहता था। यह फिलहाल फरार हैं। पुलिस ने बताया कि सभी 6 लोग ऑनलाइन मिले थे। ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे ये अंदाजा लगे कि इनका संबंध किसी आतंकी संगठन से है।

नीलम ने संसद के बाहर नारेबाजी की। कहा, तानाशाही नहीं चलेगी। संविधान बचाओ। मणिपुर को इंसाफ दिलाओ। महिलाओं पर अत्याचार नहीं चलेगा। भारत माता की जय। जय भीम, जय भारत।

### एक घंटे बाद कार्यवाही फिर शुरू हुई

यह घटना दोपहर एक बजे की है। इसके बाद दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। आते ही लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा- अभी हुई घटना सबकी चिंता का विषय है। इसकी जांच जारी है। दिल्ली पुलिस को भी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि वह साधारण धुआं था। डिटेल जांच के नतीजे आने पर सबको इससे अवगत कराया जाएगा। इस मामले पर द्रमुक सांसद टीआर बालू ने सवाल पूछना चाहा, तो स्पीकर ने कहा कि दोनों लोग पकड़ लिए गए हैं। उनके पास मिले सामान को जब्त कर लिया गया है। जो दो लोग सदन के बाहर थे, उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि 2001 में संसद पर हमला हुआ था। आज फिर इसी दिन हमला हुआ है। क्या इससे साबित होता है कि सुरक्षा में चूक हुई है।

# संसद सुरक्षा को लेकर बिड़ला गृह-मंत्रालय को लेटर लिखेंगे

## सर्वदलीय बैठक में जानकारी दी; अधीर रंजन बोले- हमले की जानकारी थी, फिर भी चूक हुई



नई दिल्ली। देश की संसद में सुरक्षा चूक को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने बुधवार शाम 4 बजे सभी पार्टियों के साथ मीटिंग की। इसमें उन्होंने बताया कि संसद की सुरक्षा चूक को लेकर वे गृह मंत्रालय को लेटर लिखेंगे। लोकसभा स्पीकर ने सदन में हुई घटना पर चिंता व्यक्त की।

सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दरअसल, लोकसभा की कार्यवाही के दौरान जो दो लोग विजिटर्स गैलरी से नीचे कूदे थे, उनमें एक युवक भाजपा सांसद का गेस्ट बनकर आया था। युवकों ने सदन में पीले रंग का धुआं फैला दिया था। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बैठक के बाद कहा कि पिछले कई दिनों से चर्चा थी कि कुछ आतंकी संगठन 13 दिसंबर को संसद पर हमला कर सकते हैं। केंद्र सरकार को इसकी जानकारी थी। फिर भी इस तरह की चूक हुई। हमने स्पीकर से इस घटना की जांच का अनुरोध किया है।

### कांग्रेस ने सुरक्षा चूक पर केंद्र से जवाब मांगा

संसद में सुरक्षा चूक को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- गृह मंत्री अमित शाह को दोनों सदनों में आकर इस घटना पर बयान देना चाहिए। हमें उम्मीद है कि सरकार इसे बहुत गंभीरता से लेगी।

### एक महिला सहित 4 लोग गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि जो दो लोग लोकसभा की कार्यवाही के दौरान घुसे, उनका नाम मनोरंजन और सागर है। दोनों युवक सांसद विजिटर पास पर सदन में आए थे।

वहीं, सदन के बाहर जिस महिला और पुरुष ने पीले रंग का धुआं छोड़ा, उनका नाम नीलम और अमोल है। सुरक्षाकर्मियों ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान ये लोग नारेबाजी करते देखे गए।

संसद में सुरक्षा चूक की घटना के बाद विजिटर्स की एंट्री रोक दी गई है। विजिटर्स पास लेकर आए लोगों को रिसेप्शन एरिया से वापस भेज दिया गया। आज सुबह कई सांसदों की पत्नी संसद की नई बिल्डिंग देखने आई थीं।

# बंगाल के बर्द्धमान रेलवे स्टेशन पर पानी की टंकी गिरी

## ट्रेन का इंतजार कर रहे दो पैसेंजर्स की मौत; 15 घायल, 3 की हालत गंभीर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान रेलवे स्टेशन पर बुधवार (13 दिसंबर) को पानी की टंकी प्लेटफॉर्म पर गिर गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर है। सभी लोग प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे।

घटना के बाद रेलवे के अधिकारी और सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और टंकी के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी रेस्क्यू के लिए पहुंची। सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

### ट्रैक से पत्थर उछलने से कई यात्री घायल

रेलवे ने बताया कि पानी की टंकी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर गिरी। टंकी का कुछ हिस्सा रेलवे ट्रैक पर भी गिरा।

इससे वहां पड़े पत्थर उछलकर पैसेंजर्स को लग गए। इससे भी कई लोग घायल हुए। प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर फिलहाल रेल सेवाएं रोक दी गई हैं। प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 4 पर ट्रेन चल रही हैं।

### रेलवे ने 3 अधिकारियों को सस्पेंड किया

इस घटना के बाद रेलवे ने 3 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि पानी के टंकी की क्षमता 53 हजार गैलन की है। यह टंकी काफी पुराना था। जिस वजह से इसके टूटने की आशंका जताई जा रही है।



# छत्तीसगढ़ में अब 'विष्णु' राज, अरुण साव और विजय ने डिप्टी सी एम पद की शपथ ली

रायपुर। पंच एवं सरपंच से राजनीति की शुरूआत करने वाले आदिवासी नेता विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली।उनके साथ दो उप मुख्यमंत्रियों अरूण साव एवं विजय शर्मा ने भी शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस मौके पर मौजूद थे।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राजधानी के साइंस कालेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में श्री साय को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। राज्यपाल ने इसके उपरान्त दो उप मुख्यमंत्रियों अरूण साव एवं विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी।सभी ने ईश्वर के नाम पर हिन्दी में शपथ ली।



इस मौके पर गृहमंत्री अमित शाह,भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा,उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ,असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा,उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत,केन्द्रीय राज्यमंत्री राम दास अठावले,निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव तथा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह,भाजपा के राज्य प्रभारी ओम माथुर के अलावा राज्यभर से बड़ी संख्या में आए भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक भी मौजूद थे।

# महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट से लगाई तत्काल सुनवाई की गुहार



नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा ने लोकसभा से अपने निष्कासन के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के समक्ष दायर याचिका पर बुधवार को तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष मोइत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान उनकी रिट याचिका पर तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई। इस पर पीठ ने कहा कि इस मामले को मुख्य न्यायाधीश से गुहार लगाई जाए।

मोइत्रा ने सोमवार को याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने लोकसभा से निष्कासित करने के फैसले को 'अन्यायपूर्ण और मनमाना' तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ बताया है।


# छिहत्तर पुराने कानून रद्द करने को राज्यसभा की मंजूरी

नयी दिल्ली। मोदी सरकार के अनुपयोगी पुराने कानूनों को समाप्त करने की नीति के तहत बुधवार को राज्यसभा ने 76 ऐसे कानूनों को रद्द करने वाले निरसन एवं संशोधन विधेयक 2023 को राज्यसभा ने विपक्ष की गैरमौजूदगी में ध्वनिमत से पारित कर दिया।

लोकसभा इस विधेयक को 27 जुलाई 2023 को पारित कर चुकी है लेकिन उसमें 65 पुराने अनुपयोगी कानून थे। केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस विधेयक को पेश किया। विपक्ष की अनुपस्थिति में इस विधेयक पर हुयी चर्चा में आठ सदस्यों ने भाग लिया।

इस पर चर्चा का जबाव देते हुये मेघवाल ने कहा कि कानून की प्राकृतिक मौत नहीं हो सकती है। इस लिए मोदी सरकार ने पुराने अनुपयोगी कानूनों को रद्द करने की नीति अपनायी है और इसी के तहत अब तक 1486 कानून समाप्त किये जा चुके हैं। अब 76 और पुराने कानूनों को समाप्त किया जा रहा है।

इस विधेयक के पारित होने पर



कुल 1562 कानून समाप्त हो जायेंगे।

उन्होंने कहा कि इन कानूनों का कोई उपयोग नहीं है। श्री मेघवाल ने कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने इस तरह के एक भी कानून को समाप्त नहीं किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सनसेट उपबंध किये जाने पर विचार कर रही है।

इससे पहले विधेयक की चर्चा में हिस्सा लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के जीवीएल नरसिम्हा राव ने कहा कि सरकार पुरानी और बेकार कानूनों का हटा रही है। ये कानून अप्रासंगिक हो गये हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार को जनता का विश्वास प्राप्त है और हाल के विधानसभा चुनावों के परिणामों से यह परिलक्षित रहा है। मोदी सरकार का मंत्र न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन है। सरकार जन जीवन में सुगमता को प्रोत्साहन दे रही है।

बीजू जनता दल के मुजीबुल्लाह खान ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि पुराने कानून विकास प्रक्रिया में बाधक हैं।

पुराने कानून को हटा कर परिस्थितियों को मान्य बनाने का प्रयास चल रहा है। इससे लोगों को जल्दी से जल्दी न्याय मिल सकेगा और निर्दोष लोगों को बचाने में मदद मिलेगी।

रेड

**जमीन में खजाना छिपा होने का शक, अब तक 354 करोड़ कैश बरामद**

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों की खुदाई की तैयारी

रांची। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रांची स्थित आवास पर आयकर विभाग की जांच आठवें दिन भी जारी है। टीम को उनके रांची और लोहरदगा स्थित आवास की जमीन में खजाना छिपा होने का शक है। ऐसे में जियो सर्विलांस मशीन से इसकी जांच की जा रही है। धीरज साहू के ओडिशा स्थित एक ठिकाने से अब तक 354 करोड़ रुपए नकदी, जेवर और अन्य सामान मिले हैं।

### जियो सर्विलांस सिस्टम मशीन से तलाशी जारी

साहू के लोहरदगा स्थित आवास पर मंगलवार को तीन गाड़ियों में 12



इनकम टैक्स ऑफिसर दोबारा पहुंचे। उनके साथ साहू परिवार के तीन अन्य सदस्य भी थे। आईटी टीम ने यहां जियो सर्विलांस सिस्टम से तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रांची में रेडियम रोड स्थित आवास सुशीला निकेतन में भी जियो सर्विलांस सिस्टम से जांच की जा रही है। यहां मंगलवार को अधिकारियों ने जियो सर्विलांस मशीन मंगवाई। आवास के अंदर, बाहर, बगीचा, पार्किंग एरिया और सीवरेज पाइप की जांच की गई।

### अब ईडी जांच की चल रही तैयारी

धीरज साहू के ओडिशा के ठिकाने से कैश, जेवर के अलावा जमीन, होटल, हॉस्पिटल और व्यापार में निवेश के कागजात मिले हैं। इनका असेसमेंट किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि करोड़ों के इस निवेश की जांच अब ईडी कर सकती है। जानकारी के मुताबिक भुवनेश्वर में ईडी के एक बड़े अधिकारी ने आयकर टीम से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद दिल्ली लौट गए।

### नौ ठिकानों से मिले 354 करोड़ रुपए

ओडिशा में 6 दिसंबर से जारी आयकर विभाग की रेड 11 दिसंबर को खत्म हो गई। यहां 9 ठिकानों से 354 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। हालांकि यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। अब केवल झारखंड के रांची और लोहरदगा आवास पर जांच जारी है।

# महादेव बेटिंग ऐप का मालिक रवि उप्पल यूएई में गिरफ्तार

## जल्द भारत लाने की तैयारी; मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी जांच कर रही है

रायपुर। महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के सह संस्थापक रवि उप्पल को संयुक्त अरब अमीरात में गिरफ्तार कर लिया गया है। रवि भारत में वांटेड है। भारतीय एजेंसियां यूएई के अधिकारियों के संपर्क में हैं। रवि को जल्द ही भारत लाया जा सकता है।

प्रवर्तन निदेशालय के कहने पर इंटरपोल ने रवि उप्पल के खिलाफ पहले ही रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। माना जा रहा है कि इसके बाद सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी भी जल्द हो सकती है। पुलिस को उसकी लोकेशन की जानकारी मिल गई है।

महादेव ऐप छत्तीसगढ़ में बड़ा चुनावी मुद्दा था। इसे बीजेपी ने अपने आरोप पत्र और चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल किया था। पार्टी ने सरकार बनने पर कड़ी कार्रवाई का ऐलान किया था।

### रवि उप्पल पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी केस

मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी महादेव ऐप जांच कर रही है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ पुलिस और मुंबई पुलिस भी जांच में जुटी है। ईडी ने अक्टूबर में रायपुर में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत के सामने उप्पल और उसके पार्टनर सौरभ चंद्राकर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। ईडी ने 2 महीने पहले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप केस में मुंबई, कोलकाता और भोपाल में करीब 39 ठिकानों पर छापेमारी कर 417 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी। रवि उप्पल साथी सौरभ चंद्राकर के साथ यूएई में रह रहा था।

## शार्ट न्यूज

### अवैध तरीके से चल रही रंगाई फैक्ट्री को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने किया सील

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर शहर के बीच में से गुजरती तुंग ढाब ड्रेन के प्रदूषण को रोकने के लिए जिला उपायुक्त घनशाम थोरी के निर्देशों के मद्देनजर प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने नाग कलां में कपड़े रंगने की अवैध रंगाई फैक्ट्री बीएम फैबरिक को सील कर दिया गया है। विभाग के अधिकारी सुखदेव सिंह ने बताया कि उक्त फैक्ट्री के पास कपड़ा तैयार करने का लाइसेंस है, लेकिन कंपनी ने इसमें रंगाई मशीनें भी लगा लीं जिसका उसने लाइसेंस नहीं लिया। उक्त फैक्ट्री इस्तेमाल किए गए गंदे पानी को बिना साफ किए तुंग ढाब नाले में फेंक रही थी। अधिकारियों ने मौके पर जाकर पानी के नमूने लिए और जांच करने पर नमूने खरे नहीं उतरे। विभाग ने यह रिपोर्ट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष को भेजी, जिन्होंने तुरंत फैक्ट्री को सील करने का आदेश दिया, जिस पर तुरंत अमल किया गया। तुंग ढाब नाले को प्रदूषणमुक्त करने के लिए उपायुक्त ने जिला स्तरीय बैठक आयोजित की। उन्होंने विभाग द्वारा की गयी कार्रवाई की सराहना की और कहा कि जो भी फैक्ट्री नाले में गंदा पानी फेंकती है, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाये।

### उत्तराखंड में उपभोक्ता अदालतों के पंगु होने के मामले में सरकार से जवाबतलब

नैनीताल। उत्तराखंड में उपभोक्ता अदालतों के निष्क्रिय और पंगु होने के मामले को गंभीरता से बुधवार को उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सरकार से जवाब तलब किया है। इस प्रकरण की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ में हुई। उच्च न्यायालय ने एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित खबर का स्वत: संज्ञान लेते हुए इस प्रकरण में एक जनहित याचिका दायर की है। रिपोर्ट में कहा गया कि राज्य की स्थापना के साथ ही प्रदेश में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का गठन किया गया है। इसके तहत सभी जिलों में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम स्थापित किये गये हैं। आगे कहा गया कि राज्य के 13 में से 11 जिलों में अध्यक्ष और सदस्य मौजूद नहीं हैं। इससे उपभोक्ता वादों का उचित निष्पादन नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ता विवादों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। जिला अदालतों में 4200 से अधिक उपभोक्ता वाद लंबित हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के सचिव को नोटिस जारी कर इस मामले में वस्तु स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिये हैं।

### सरिस्का में मगरमच्छ लुभाते हैं पर्यटकों को


अलवर। राजस्थान में अलवर शहर के समीप सिलीसेड झील के करीब बहाव क्षेत्र में बने में जलाशय करीब 300 मगरमच्छ इन दिनों पर्यटकों को काफी लुभाते हैं लेकिन सुरक्षा अभाव में उनका जीवन भी खतरे में संभव है। सरिस्का प्रशासन ने उनकी सुरक्षा के लिए कोई बंदोबस्त नहीं किए हैं। सरिस्का अभयारण्य से दस साल पहले करीब आधा दर्जन मगरमच्छ इस झील के पास लाकर छोड़ा था। अब इनका कुनबा बढ़कर 300 पार पहुंच गया। सर्दी के मौसम में सिलिसेढ़ झील के समीप बनी एक ताल में बस रहा मगरमच्छों का कुनबा धूप सीखने के लिए बाहर जमीन पर आ जाते हैं जिन्हें देखने के लिए रोजाना सैकड़ो की तादाद में पर्यटक पहुंच रहे हैं। यह मगरमच्छ अलवर जिले के ही नहीं अपितु बाहर से भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं वही सरिस्का प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के यहां कोई इंतजाम नहीं होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। इस साल में लगभग 300 से अधिक मगरमच्छ विचरण करते हैं जो की पाल के आसपास उग रही बड़ी-बड़ी घासो के अंदर छिपे रहते हैं, जिन्हें देखने के लिए रोजाना काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति मगरमच्छ का शिकार न बन जाए इसलिए सरिस्का प्रशासन को चाहिए कि यहां सुरक्षा की दृष्टि से या तो कोई गार्ड तैनात करें या फिर इस पाल के चारों तरफ जालियां लगाई जाए जिससे कि कोई हादसा होने की संभावना न हो ।

### कांग्रेस विधायक दल के नेता चुनने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को

रायपुर । छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों ने विधायक दल के नेता चुनने का अधिकार आज पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दिया। नवनिर्वाचित विधायकों की यह बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दोपहर दो बजे शुरू हुई ।बैठक में पार्टी की प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलेजा के अलावा आलाकमान द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अजय माकन भी मौजूद थे ।श्री माकन पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भी है ।बैठक में विधायक दल के नेता के नाम पर रायशुमारी की गई। माकन के बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि विधायकों ने एक लाइन का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर नेता चुनने का अधिकार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दिया ।उन्होने बताया कि अलग अलग एक एक विधायक से नेता के नाम को लेकर राय शुमारी की गई ।इस बारे में पार्टी अध्यक्ष को अवगत करवायेंगे ।नेता के नाम की घोषणा कब तक हो जायेंगी,यह पूछे जाने उन्होने कोई टिप्पणी नही की और आगे बढ़ गए। इस बैठक में सबसे दिलचस्प रहा कि मंच पर आसीन राज्य के नेताओं में केवल निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत ही चुनाव जीते है,जबकि अन्य सभी चुनाव हार चुके है। इन्हीं दोनो में किसी को विधायक दल का नेता चुना जाता है या फिर किसी नए चेहरे को मौका मिलता है,यह देखना होंगा। विधायक दल का जो नेता चुना जायेंगा वह विधानसभा में विपक्ष का नेता भी होंगा। राज्य की 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 35 विधायक हैं।

# प्रोजेक्ट के बैंक खाते में गड़बड़ी की तो ऑडिट कराएगा यूपी रेरा

### नियमों को किया सख्त




ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने बिल्डर प्रोजेक्टों के बैंक खातों के संचालन संबंधी नियमों को सख्त कर दिया है। अब अगर बिल्डर प्रोजेक्ट के बैंक खाते से देनदारी में गड़बड़ी करता है तो यूपी रेरा उसका ऑडिट कराएगा। लापरवाही मिलने पर बिल्डर पर कार्रवाई होगी। साथ ही बिल्डर को भी हर वर्ष प्रोजेक्ट के बैंक खाते का ऑडिट कराना जरूरी होगा।

यूपी रेरा ने बिल्डर प्रोजेक्टों के तीन बैंक खाते जरूरी कर दिए थे। अब बैंक खातों के संचालन के संबंध में भी यूपी रेरा ने नियम जारी किए हैं। यूपी रेरा के अफसरों ने बताया कि नियमों के तहत बैंक खाते खोलने, उनका संचालन, परिवर्तन और बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। बिल्डरों को प्रोजेक्ट के बैंक खातों का हर वर्ष ऑडिट कराना होगा। वित्तीय वर्ष बीतने के बाद छह माह के अंदर यूपी रेरा की वेबसाइट पर ऑडिट रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। अगर बैंक खातों में अनियमितता की गंभीर शिकायत मिलेगी तो किसी नामी फर्म से बैंक खातों का ऑडिट कराया जाएगा। उस पर आने वाला खर्च संबंधित बिल्डर से वसूला जाएगा। अगर अनियमितता मिलती है तो संबंधित बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

> यूपी रेरा संतुष्ट होने के बाद ही प्रोजेक्ट के सेपरेट अकाउंट को बंद करने व शेष धनराशि को निकालने की अनुमति देगा। अगर बिल्डर देनदारी के संबंध में गलत जानकारी देकर खाता बंद कराता है तो उस दिशा में भी बिल्डर अपनी देनदारी से मुक्त नहीं होगा। यूपी रेरा कानूनी कार्रवाई करेगा।
>
> **-संजय भूसरेड्डी, चेयरमैन, यूपी रेरा**

### इन शर्तों पर हो सकता है बैंक खाते में परिवर्तन

यूपी रेरा के अफसरों ने बताया कि अगर बिल्डर को बैंक खाते में संशोधन करना है तो उसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जिस पर यूपी रेरा विभिन्न परिस्थितियों में ही स्वीकृति प्रदान करेगा। अगर पंजीकरण के समय बैंक खाता नहीं है, एक बैंक खाते का प्रयोग कई प्रोजेक्ट में होने पर, प्रोजेक्ट व बैंक खाता अलग-अलग जिले में होने पर और अन्य बैंक के संबंधित बैंक का अधिग्रहण करने की दिशा में परिवर्तन की अनुमति दी जा सकती है। इसी तरह बैंक खाते को बंद करने की अनुमति भी नियमों के तहत दी जाएगी।

## कश्मीर में न्यूनतम तापमान में गिरावट, डल झील में पानी जमा



श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर डल झील और अन्य जल निकाय में पानी जम गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

श्रीनगर में कल मौसम की सबसे सर्द रात रही। श्रीनगर का कल न्यूनतम तापमान पिछली रात के शून्य से नीचे 1.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से नीचे 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से (-) 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है।

मौसम विभाग ने बताया कि गुलमर्ग में बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले शून्य से नीचे 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तरी कश्मीर के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट में तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है। पहलगाम में पिछली रात शून्य से नीचे 1.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुपवाड़ा में तापमान शून्य से नीचे शून्य से नीचे 3.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

मौसम कार्यालय के अनुसार श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोकेरनाग में तापमान शून्य से नीचे 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। केन्द्रशासित प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आज मौसम साफ रहा और 15 दिसंबर तक इसके मुख्य रूप से शुष्क रहने के आसार हैं।

## बचाव विधि के तहत आठ व फ्लाइंग फॉक्स के तहत तीन लोग सुरक्षित रेस्क्यू

शिमला। आपदा प्रबंधन के तहत हिमाचल की राजधानी शिमला के जिला प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से समर्थ अभियान के तहत आज राजकीय नेहरू संस्कृत महाविद्यालय फागली में मॉक बचाव अभियान का अभ्यास आयोजित किया गया ।संयुक्त रूप से चलाए गए मॉक अभ्यास के दौरान लगभग 50 मीटर की ऊंचाई से फ्लाइंग फॉक्स विधि के तहत तीन लोगों को सुरक्षित जमीन पर रेस्क्यू किया गया, जबकि खोज एवं बचाव विधि के तहत आठ लोगों को सुरक्षित निकालकर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाई गई। इसके अतिरिक्त दो लोगों को प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत घर भेज दिया गया तथा छह लोगों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया ।

पूर्वाभ्यास को सफल बनाने के लिए इंस्पेक्टर डैनी कुमार की अगुवाई में एनडीआरएफ टीम के 24 जवान, डीएसपी गुलशन नेगी की अगुवाई में एसडीआरएफ टीम के 15 जवान तथा वरिष्ठ पलाटून कमांडर की अगुवाई में होमगार्ड के पांच जवानों ने कार्य कुशलता दिखाई। एसडीआरएफ प्रभारी डीएसपी गुलशन नेगी ने बताया कि राजकीय नेहरू संस्कृत महाविद्यालय फागली में आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के साथ समर्थ अभियान के तहत इस मॉक अभ्यास को आयोजित किया गया ताकि एनएसएस के बच्चों को आपदा से संबंधित जानकारी प्राप्त हो और वह किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हो सके।

## बीएसएफ ने अमृतसर, तरनतारण में 930 ग्राम हेरोइन बरामद की

जालंधर । सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने एक बार फिर से तस्करों के नापाक मंसूबों को नाकाम करते हुए अमृतसर और तरनतारन से 930 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि आज सुबह एक विशेष सूचना पर बीएसएफ के जवानों ने सीमा बाड़ के आगे गश्त करने के दौरान जसिला अमृतसर के गांव ढाओन खुर्द के पास खेत में संदिग्ध वस्तु देखी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की विस्तृत तलाशी के दौरान पूर्वाह्न 11:45 बजे बीएसएफ के जवानों ने पीले चिपकने वाले टेप में लिपटी हुई 570 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट और रस्सी से बना एक हुक बरामद किया।

## यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा ईस्टर्न एक्सप्रेसव

नोएडा। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए बनने वाले इंटरचेंज का इंतजार अब खत्म हो गया।

15 दिसंबर को मुख्य सचिव डीएस मिश्र इसका इंटरचेंज का शिलान्यास करेंगे। इसके लिए प्राधिकरण के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। 18 माह में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। इंटरचेंज के बनने से दो महत्वपूर्ण एक्सप्रेसवे के साथ यीडा सिटी के सेक्टर भी जुड़ जाएंगे। ग्रेनो से होकर गुजर रहे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे का यमुना एक्सप्रेसवे से अभी तक कोई लिंक नहीं है। इस वजह से ईस्टर्न पेरिफेरल पर आगरा से जाने वाले वाहन चालको को 15 से 20 किमी का चक्कर लगाना पड़ता है। साथ ही परी चौक व कासना के जाम से जूझना पड़ता है।

सिरसा के पास ईस्टर्न पेरिफेरल का इंटरचेंज है। वाहन चालकों की परेशानी को देखते हुए दोनों एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए दनकौर क्षेत्र के जगनपुर गांव के पास इंटरचेंज बनाने का निर्णय लिया गया है। लेकिन प्रभावित किसानों के कोर्ट चले जाने से यह परियोजना पिछले कई सालों से अटकी पड़ी है। इंटरचेंज के निर्माण के लिए 2018 में ही कंपनी का चयन कर लिया गया था।

प्राधिकरण के काफी प्रयास व प्रभावित किसानों को 64 7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा दिए जाने के बाद अब इंटरचेंज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसके निर्माण में 122 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पहले इसकी लागत 75 करोड़ रुपये थी। बढ़ी हुई 47 करोड़ रुपये की रकम को एनएचआई ने मंजूरी प्रदान कर दी है।

### कई राज्यों के वाहन चालकों को मिलेगा लाभ

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे हरियाणा के सोनीपत से पलवल तक बना है। यह बागपत, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा और हरियाणा में फरीदाबाद से होकर गुजरता है। इंटरचेंज के बन जाने से आगरा की तरफ से आने वाले लोग बागपत, गाजियाबाद, सोनीपत व फरीदाबाद आसानी से पहुंच जाएंगे।

### डिजाइन में किया गया परिवर्तन-

इंटरचेंज की डिजाइन में कुछ परिवर्तन किया गया है। इंटरजेंच के उतार और चढ़ाव 30 और 60 मीटर चौड़ी सर्विस रोड से जुड़ेंगे। इससे प्राधिकरण के सेक्टर जुड़ जाएंगे और लोगों को आने जाने में आसानी होगी। इस पर 59 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च होंगे। इस खर्च को प्राधिकरण उठाएगा।

# आप विधायक ने दिया इस्तीफा, दो और छोड़ सकते हैं साथ

**नई दिल्ली ।** (पीएमए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने की तैयारी में जुटे दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को उनके विधायक ने तगड़ा झटका दिया है।

दरअसल, बुधवार को गुजरात के विसावदर सीट से विधायक भूपेंद्रभाई भायाणी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस बीच ये खबर भी निकल कर सामने आ रही है कि पार्ची के दो अन्य विधायक भी जल्द ही पार्टी छोड़ सकते हैं।

ये खबर अरविंद केजरीवाल के लिए किसी झटके से कम नहीं है, क्योंकि वह अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को हराने के लिए अभी से तैयारी में जुटे हुए है। बता दें कि 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में केजरीवाल की आप ने राज्य की पांच सीटों पर कब्जा किया था।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात के बाद दिया इस्तीफा

जानकारी के मुताबिक आप विधायक भूपेंद्र द्रभाई भायाणी ने पार्टी से इस्तीफा देने से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की थी। जानकारी के मुताबिक वह विधायकी का पद भी छोड़ सकते हैं। भूपेंद्र ने पिछले साल दिसंबर में भी भाजपा में शामिल होने का संकेत दिया था। हालांकि बाद में उन्होंने यूटर्न ले लिया था। उन्होंने जनता से मिले फीडबैक का हवाला देते हुए कहा था कि वह आम आदमी पार्टी के सिंबल पर जीते हैं और इसी के साथ बने रहेंगे।

### दो और विधायक दे सकते हैं झटका

सूत्रों के मुताबिक भूपेंद्र के बाद गुजरात में पार्टी के दो और विधायक आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ सकते हैं। गुजराती मीडिया में सूत्रों के हवाले से खबर दी गई है कि बोटाद से विधायक उमेश मकवाणा और गरियाधर से विधायक सुधीर वाघानी भी जल्द ही इस्तीफा दे सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो लोकसभा चुनाव से आप के पास दो ही विधायक बच जाएंगे।

## हिमाचल में बूढ़ी दीवाली का जश्न शुरू, सात दिन चलेगा

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला के गिरिपार क्षेत्र के अधिकांश गावों में बूढ़ी दिवाली का जश्न शुरू हो चुका है। तकरीबन एक सप्ताह तक मनाए जाने वाले इस त्यौहार को लेकर लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही घर-घर मेहमाननवाजी का दौर भी शुरू हो गया है। बूढ़ी दीवाली पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने लकड़ियों से बनी मशालें (होला) जलाकर दशकों से चली आ रही परंपरा को निभाया। वहीं, पर्व को लेकर स्थानीय बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की जबदरस्त भीड़ उमड़ी रही। बूढ़ी दिवाली का यह त्योहार सिरमौर जिले के गिरिपार, घणद्वार, आंजभौज, कमरऊ, मस्तभौज, जेलभौज, शिलाई, रोनहाट व संगड़ाह क्षेत्र के अलावा उत्तराखंड के जौनसार बाबर में भी मनाया जाता है।

## बंदी सिखों की रिहाई को लेकर एसजीपीसी के प्रयास तेज

एजेंसी

S.G.P.C.

**अमृतसर।** बंदी सिखों की रिहाई को लेकर 20 दिसंबर को नयी दिल्ली के गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब से राष्ट्रपति भवन तक किए जाने वाले सांप्रदायिक प्रदर्शन में सभी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने बुधवार को यहां संत समाज और कारसेवा संप्रदाय के प्रमुखों के साथ एक विशेष बैठक की। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में हुई इस बैठक के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों और उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित धार्मिक हस्तियों ने जहां दिल्ली में पंथिक प्रदर्शन में पूर्ण भागीदारी का आश्वासन दिया, वहीं लंगर की सेवा भी ली। विभिन्न हस्तियों को संबोधित करते हुए एडवोकेट धामी ने कहा कि बंदी सिखों की रिहाई का मुद्दा एक बहुत ही महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दा है, जिसके समाधान के लिए कारसेवा संप्रदाय बहुत योगदान देगा। वक्ताओं ने कहा कि शिरोमणि कमेटी के नेतृत्व में 20 दिसंबर का प्रदर्शन पूरे देश का संयुक्त कार्यक्रम है, जो इसे सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## कोच्चि में बाजरा-मछली महोत्सव 28 दिसंबर से

कोच्चि। केरल के कोच्चि में तीन दिवसीय बाजरा-मछली महोत्सव 28 दिसंबर से आयोजित किया जाएगा।

यह महोत्सव बाजरा किसानों, किसान उत्पादक कंपनियों, कृषि-स्टार्टअप, मछली प्रोसेसर, व्यापारियों, मछली प्रेमियों और उपभोक्ताओं को एक छतरी के नीचे लाएगा, जिसका लक्ष्य केरल के भीतर बाजरा के लिए बाजार मूल्य श्रृंखला को सुविधाजनक बनाना और बाजरा-मछली कॉम्बो के संतुलित अहार एवं संलयन स्वादों को लोकप्रिय बनाना है।

किसानों और बाज़ारों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने से लेकर स्वस्थ पाक संयोजन को बढ़ावा देने से लेकर स्टार्ट-अप पहल को प्रोत्साहित करने तक, कार्यक्रम के दौरान कई उद्देश्यों को लक्षित किया जाता है।

इसमें क्रेता-विक्रेता बैठक, बाजरा और मछली खाद्य उत्सव, जीवित मछली की बिक्री, बाजरा और बाजरा-आधारित उत्पादों की बिक्री, बाजरा कुकरी शो, बाजरा रेसिपी प्रतियोगिता, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी, उत्पाद लॉन्च, पोषण, स्वास्थ्य वार्ता और सेमिनार सहित कई तरह की गतिविधियां शामिल होंगी।

एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि महोत्सव में लक्षद्वीप के किसानों का एक स्टॉल भी होगा, जिसमें द्वीपों के स्वदेशी कृषि उत्पादों और खाद्य उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## अंकिता हत्याकांड : अदालत ने प्रकरण से जुड़े दस्तावेज जमा करने को कहा

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य की जमानत के मामले में बुधवार को पक्षकारों से प्रकरण से जुड़े सभी दस्तावेज अदालत में पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की पीठ में इस मामले में सुनवाई हुई। निचली अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद आरोपी की ओर से उच्च न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र दायर किया गया है। इस बीच सरकार और पीड़ित पक्ष इस मामले में जवाबी हालकनामा दायर कर चुके हैं। साथ ही आरोपी भी जवाब में प्रतिशपथ पत्र अदालत में पेश कर चुका है। अब अदालत दस्तावेजों के बल पर आरोपी की जमानत पर सुनवाई करेगी। इस मामले में अगली सुनवाई 19 दिसंबर को मुकर्रर की है।

## हिमाचल को देश की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जाएगा : सुक्खू



नयी दिल्ली/शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को नयी दिल्ली में इंडिया टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित 'एजेंडा आज तक-2023' कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगले वर्ष के लिए सरकार का मुख्य एजेंडा हिमाचल को भारत की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुई तबाही के बाद युद्ध स्तर पर बहाली का काम किया गया और हिमाचल प्रदेश सर्दियों के मौसम में पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। उन्होंने देश-विदेश के पर्यटकों को हिमाचल आने और इसके प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया।

श्री सुक्खू ने राज्य के लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और राज्य सरकार के प्रमुख निर्णयों और नीतियों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद उनका पहला काम राज्य की वित्तीय स्थिति को सुधारना था। उन्होंने कहा कि उचित वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं और राज्य की वित्तीय स्थिति में सुधार करते हुए जल्द ही इसमें सकारात्मक बदलाव देखा जाएगा। उन्होंने दस वर्षों के भीतर हिमाचल को देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने की परिकल्पना को साकार करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने पहले साल में तीन गारंटियां पूरी की हैं और बाकी गारंटियां आगामी चार सालों में चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी। पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) मानवीय आधार पर लागू की गई, ताकि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद का जीवन सुरक्षित हो सके।

उन्होंने कहा कि 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के पहले चरण में ई-टैक्सी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत, राज्य सरकार युवाओं को ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान कर रही है जिससे राज्य में हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा तथा उनको एक निश्चित आय भी सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए अगले सत्र से सभी सरकारी संस्थानों में अंग्रेजी माध्यम शुरू किया जाएगा। राज्य सरकार ने 4,000 अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है तथा उनके कल्याण के लिए देश में पहली बार कानूनन हक देते हुए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना शुरू की जिसके तहत, राज्य सरकार इन बच्चों की 27 वर्ष की आयु पूरी होने तक उनकी देखभाल और उच्च शिक्षा के लिए उचित सहायता प्रदान कर रही है।

श्री सुक्खू ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिला की 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को जनवरी, 2024 से 1500 रुपये प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश की सभी महिलाओं से किया गया वादा भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

# संसद में सुरक्षा उल्लंघन पर कर्नाटक विस में हंगामा



बेलगावी। कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को संसद भवन में सुरक्षा उल्लंघन को लेकर हंगामे के बाद कुछ देर के लिए सदन की कार्यवाही बाधित हुई और कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई जिसके कारण सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ।

संसद में सुरक्षा का उल्लंघन करने वाले लोगों को पास देने के लिए उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की ओर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का नाम लेने के बाद सदन में हंगामा मच गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा, प्रताप सिम्हा एक बुद्धिमान व्यक्ति हैं। मुझे नहीं पता कि उन्होंने (आरोपियों को) पास क्यों दिए। आरोपियों को देख सांसद चूहों की तरह भागे।

उनकी टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हुए नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, डीके सुरेश भी एक सांसद हैं। अगर उन्होंने पास दे दिया होता तो क्या होता? उन्हें (शिवकुमार को) इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियांक खड़गे ने आरोप लगाया कि अगर पार्टी के सांसद ने यह पास दिया गया होता तो भाजपा कांग्रेस को गद्दार करार देती। उन्होंने पूछा, क्या हमें भाजपा की कार्रवाई पर सवाल नहीं उठाना चाहिए। कांग्रेस पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए श्री अशोक ने तर्क दिया कि उन्होंने श्री शिवकुमार को आतंकवादी नहीं कहा क्योंकि उन्होंने अपमानजनक टिप्पणी की थी कि बेंगलुरु विस्फोट के आरोपी उनके भाई हैं। हंगामा बढ़ने से पहले अशोक ने कहा कि विधायी मुद्दे अच्छे इरादे से पारित होते हैं, लेकिन इन स्थितियों में उन्हें खलनायक माना जाता है।

परमेश्वर ने कहा कि पास जारी करते समय पहचान अनिवार्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा, कल मैंने 300 से 400 लोगों की भीड़ देखी। मैंने भीड़ लगाने के लिए पुलिसकर्मियों को फटकार लगाई। भीड़ के कारण मुख्यमंत्री लिफ्ट की ओर नहीं जा सके।

परमेश्वर ने विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर से सुरक्षा बढ़ाने के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया क्योंकि वह विधानसभा के प्रभारी हैं।

इससे पहले संसद में एक बड़े सुरक्षा उल्लंघन में, दो व्यक्ति आज शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कूद गए और इससे पहले वह किसी तरह की वारदात करते सांसदों ने दोनों को पकड़ लिया था।

## शार्ट न्यूज

### सफदरजंग अस्पताल में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया



नई दिल्ली। 13 दिसंबर 2023 को सफदरजंग अस्पताल में संभावित ब्रेन डेड डोनर और अंग प्रत्यारोपण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. वंदना तलवार और अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक के तत्वावधान में मृत अंग पुनर्प्राप्ति और ब्रेनस्टेम मृत्यु प्रमाणीकरण पर विभिन्न हितधारकों का संवेदीकरण किया गया था। डॉ वंदना चक्रवर्ती. एसजेएच, एनओटीटीओ और गैर सरकारी संगठनों के विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा आकर्षक सत्र लिए गए। किडनी प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा किये। पुतला पर ब्रेनस्टेम डेथ पर पैनल चर्चा और व्यावहारिक व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किए गए।

### नशे में दो युवकों ने दरोगा पर किया हमला

नोएडा। चौड़ा गांव में शराब के नशे में झगड़ा कर रहे दो युवकों को रोकना दरोगा को महंगा पड़ा। रोकने से गुस्साए आरोपियों ने दरोगा के साथ ही मारपीट कर दी। मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा के आरोप में दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों का मेडिकल कराकर कोर्ट के सामने पेश किया गया। वहां से दोनों को जेल भेजा जा रहा है। नोएडा के थाना सेक्टर 24 में तैनात एसआई आशीष नोएडा के चौड़ा गांव में पैदल ही गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें शिव मार्केट के पास दो युवक गाली गलौज व झगड़ा करते हुए दिखाई दिए। इसके बाद दोनों युवकों ने उक बाइक सवार के साथ भी अभद्रता की। इस दौरान दरोगा ने दोनों युवकों को गाली-गलौज व झगड़ा करने से मना किया तो दोनों युवक उनसे उलझ गए। दरोगा आशीष ने वर्दी के ऊपर जैकेट डाल रखी थी। इस कारण शराबी उन्हें आम नागरिक समझ बैठे और मारपीट पर उतारु हो गए। दोनों में एक ने लोहे के कड़े से दरोगा पर हमला किया। जिससे उनको चोट भी आई। इस दौरान दरोगा आशीष ने आरोपी युवकों को पकड़ने का प्रयास किया तो वह हाथापाई करने लगे। पीछे से आ रहे अन्य पुलिस कर्मियों ने दोनों युवकों को दबोच लिया और थाने ले आए पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अंकुर और अरुण बताया।

### ग्रेनो प्राधिकरण की बिल्डरों को चेतावनी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में बिल्डर और अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन की तरफ से फ्लैट खरीदारों का हक दिलाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से गठित समिति ने मंगलवार को बैठक की। इस बैठक में प्राधिकरण, क्रेडाई और फ्लैट खरीदारों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने, सोसाइटी में एओए का गठन, सोसाइटी का आईएफएमएस फंड का हस्तांतरण, बार के नाम प्लेटों की रजिस्ट्री फायर सिस्टम को दुरुस्त कराने आदि मसलों का हल निकालने पर चर्चा हुई। क्रेडाई ने भी इन मुद्दों को शीघ्र हल कराने का आश्वासन दिया है। अब इस समिति की अगली बैठक अगले साल 3 जनवरी को होगी। ग्रेटर नोएडा में करीब 200 सोसाइटियां विकसित हो रही हैं। इनमें तमाम सोसाइटियां ऐसी हैं, जिनके निवासियों व बिल्डर या अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के बीच विवाद होते रहते हैं। कभी बायस के पक्ष में रजिस्ट्री न होने को लेकर, ट्रांसफर मेमोरंडम के लिए एनओसी जारी न करने पर तो कभी सोसाइटी में अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन के गठन को लेकर अथवा कभी सोसाइटी के आईएफएमएस फंड का हस्तांतरण न किए जाने पर विवाद होता रहता है। इन विवादों को शीघ्र निस्तारित करने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने एसीईओ की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति गठित कर दी।

### 3 वाहन रिकवरी एजेंटों को किया गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद की विजय नगर पुलिस ने थाने की फर्जी मुहर के साथ 3 शातिर रिकवरी एजेंटों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बैंक का लोन ना चुकाने वाले वाहनों की रिकवरी करने का काम करते हैं। वाहनों की रिकवरी करने के बाद पुलिस को सूचना न देकर आरोपी बैंक और वाहन मालिकों को पुलिस से संबंधित कागजों की फर्जी मुहर लगाकर उपलब्ध करा देते थे। पुलिस ने फर्जी वाड़ा करने वाले 3 रिकवरी एजेंट को गिरफ्तार किया है। निमिष पाटिल ने बताया कि ऐसे वाहन स्वामी जो लोन नहीं चुका पाते हैं। उनके वाहनों की रिकवरी के दौरान इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को देनी होती हैं। जिसके बाद पुलिस के सुपरविजन में वाहनों की रिकवरी बैंक कर्मचारियों और रिकवरी एजेंट द्वारा की जाती है। जिसके संबंध में जरूरी दस्तावेज भी पुलिस जारी करती है, लेकिन पकड़े गए ये एजेंट खुद ही फर्जी मुहर का इस्तेमाल कर बैंक और वाहन मालिकों को रिकवरी के कागज उपलब्ध करा दिया करते थे। गिरफ्तार आरोपियों से गाजियाबाद के विजय नगर थाने की मुहर के साथ ही वाराणसी के लंका थाने की मुहर पुलिस ने बरामद की है। एसीपी पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ में जुटी हैं। जिसके बाद कुछ और मुहर भी इनसे बरामद हो सकती हैं।

### दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर लेन तोड़ने पर लगेगा जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर लेन तोड़ने पर अब भारी जुर्माना लगेगा। क्योंकि दिल्ली-एनसीआर में ट्रैफिक पुलिस ने बेलगाम ड्राइवरों पर नकेल कसने का फैसला किया है। ट्रैफिक पुलिस दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर लेन अनुशासन लागू करेगी, जो यह सुनिश्चित करेगी कि वाणिज्यिक वाहन निर्धारित लेन का उल्लंघन न करें। पुलिस की योजना है कि रात में भी नियम लागू करने के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। मौजूदा नियमों के मुताबिक, वाणिज्यिक वाहनों को दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर सबसे बाईं लेन में चलना चाहिए। पहली दो दाहिनी लेन पर गाड़ी चलाने पर पहले अपराध पर 500 रुपये और दूसरे अपराध पर 1,500 रुपये का जुर्माना लगता है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, नियम लागू किए जा रहे हैं और यह खेड़की दौला टोल से शुरू होकर सिरहौल सीमा तक लागू होंगे और एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों को कवर करेंगे। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि डीसीपी (यातायात) वीरेंद्र विज ने कहा कि ट्रांसपोर्टरों को नियम लागू करने के बारे में सूचित किया गया था। और ड्राइवरों से एक्सप्रेसवे की पहली दो दाहिनी लेन पर कब्जा न करने के लिए कहा गया था। लेन अनुशासन को लागू करना न सिर्फ ट्रैफिक की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए है। बल्कि अन्य मोटर चालकों के लिए जोखिम को कम करने के लिए भी बेहद जरूरी हैं।

### बदमाशों ने व्यापारी का किया अपहरण

मोदीनगर। गाजियाबाद में बुधवार को कार सवार तीन बदमाशों ने एक व्यापारी का अपहरण कर लिया। व्यापारी ने चलती कार से कूदकर किसी तरह आरोपियों की चंगुल से खुद को बचाया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाली। जिसमें कार नजर आ रही है। कार नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना मोदी नगर के गोविन्दपुरी कॉलोनी के पास की है। बिसोखर रोड स्थित काली माता मंदिर के निकट रहने वाले अचल सिंघल सीमेंट कारोबारी है। बिसोखर रोड पर उनकी किराना और सीमेंट बेचने की दुकान है। डेली की तरह बुधवार को वह पैदल दुकान की ओर जा रहे थे। घर से लगभग 100 मीटर चलने के बाद अचानक उनके पास कार रुकी। कार में तीन बदमाश सवार थे। कार से निकलते ही बदमाशों ने कारोबारी का तमंचा दिखाया। इसी बीच एक बदमाश ने कार की डिग्गी खोल दी और व्यापारी को कार की डिग्गी में धकेल दिया। इसके बाद बदमाशों ने कार को दिल्ली-मेरठ मार्ग की तरफ मोड़ दिया, लेकिन कार के कुछ दूरी पर चलते ही डिग्गी खुल गई। यह देख कारोबारी चलती कार से कूद गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए और कार सवार गोविंदपुरी की तरफ फरार हो गए।

# एलजी ने डीयू में 74वें वार्षिक अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन का उद्घाटन किया

## भविष्य में, सफलता स्थिरता, वृद्धि, विकास और समावेशिता से मापी जाएगी - लाभ मार्जिन से परे एक विरासत : एलजी

नई दिल्ली। वाणिज्य की रचना में, सफलता की कहानियों को न दोहराएं; अपनी खुद की धुन बनाओ। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने भारतीय वाणिज्य संघ के 74वें वार्षिक अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन (एआईसीसी) के उद्घाटन समारोह में आज विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय हॉल मेंबोलते हुए कहा, एक ऐसी कथा तैयार करें जो नवीनता, लचीलेपन और नैतिक उद्देश्य से गूंजती हो।

वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और व्यवसाय संकाय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय 13 से 15 दिसंबर, 2023 तक 74वें एआईसीसी की मेजबानी कर रहा है। सम्मेलन में भारत और विदेश के विभिन्न हिस्सों से 2,500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र सम्मेलन के व्यापक विषय एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के तहत शुरू हुआ, जो वैश्विक चुनौतियों और वाणिज्य के क्षेत्र में हमारी परस्पर दुनिया की जटिलताओं को संबोधित करने के लिए एक गहन प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल श्रीविनय कुमार सक्सेना जी ने अपने संबोधन में आभार व्यक्त किया और दिल्ली के साथ उनके जुड़ाव की सराहना की, जिससे उनका दृढ़ विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय वाणिज्य संघ के समृद्ध इतिहास को प्रतिबिंबित करना महत्वपूर्ण है और 1947 से इसकी उपलब्धियों के बारे में बात की। उन्होंने स्थिरता और समग्र विकास के साथ युवा दिमाग को आकार देने में दिल्ली विश्वविद्यालय और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की भूमिका की सराहना की।

विषय के बारे में बात करते हुए, उन्होंने उल्लेख किया कि यह कैसे एक परिवार, पृथ्वी के पोषण की जिम्मेदारी साझा करने के प्राचीन दर्शन को वापस लाता है, और यह ट्रिपल फाउंडेशन पद्धति कैसे दुनिया में विकास को बढ़ावा दे सकती है। उन्होंने कहा कि स्थिरता, वृद्धि, विकास और समावेशिता भविष्य में प्रदर्शन के उपाय हैं और इससे कंपनियों को



समाज की स्थिरता और बेहतरी के साथ-साथ आत्मविश्वास, आश्वासन, लाभप्रदता हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने उल्लेख किया कि विषय के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समाज में सद्भावना की आवश्यकता है।

उन्होंने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण को केवल लोगों की खुशी और संतुष्टि और उनकी भलाई सुनिश्चित करके ही हासिल किया जा सकता है।

माननीय कुलपति और 74वें सम्मेलन के मुख्य संरक्षक, प्रो. योगेश सिंह ने दर्शकों को दिल्ली विश्वविद्यालय के 100 वर्ष और भारतीय वाणिज्य संघ के 75 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी, जो हमारे देश की आजादी के 75वें वर्ष के साथ मेल खाता है। प्रो. सिंह ने कहा कि उद्योग 5.0 की योजना बनाते समय हमें नवाचार, उद्यमिता और रचनात्मकता की आवश्यकता है और स्थिरता से समझौता किए बिना 9-10त्न की वृद्धि बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने हावर्ड के रिचर्डो हाउसमैन का हवाला देते हुए कहा कि 1.4 अरब लोगों का देश केवल सेवा क्षेत्र पर निर्भर नहीं रह सकता। उन्होंने विनिर्माण क्षेत्र पर जोर दिया और कहा कि हम केवल प्रौद्योगिकी उधार लेकर टिके नहीं रह सकते और हमें इस श्रृंखला में मूल्य जोड़ने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने सम्मेलन के दौरान विकसित भारतझ्2047 के लक्ष्यों को साकार करने में सहायता के लिए रचनात्मक सुझावों के प्रति आशा व्यक्त करते हुए निष्कर्ष निकाला।

माननिया श्री. बी.आर. शंकरानंद जी, नागपुर के भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री, ने अपने संबोधन में चुनौतियों का मूल्यांकन करने के लिए आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया, नागरिकों को ज्ञान, बलिदान और साहस के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने न्यूनतम संसाधन उपभोग और उत्कृष्टता की आवश्यकता पर बल देते हुए सार्वभौमिक एकता के सिद्धांतों की वकालत की। पारिस्थितिक पदचिह्नों के लिए परस्पर जुड़ाव और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने पर उनके ध्यान ने पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं और सतत विकास की दिशा में मार्ग पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरुआत में, वरिष्ठ प्रोफेसर अजय कुमार सिंह, सम्मेलन सचिव, 74वें एआईसीसी, डीन, वाणिज्य और व्यवसाय संकाय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय ने सम्मानित मुख्य अतिथि का स्वागत किया।आईसीए के अध्यक्ष प्रोफेसर डब्ल्यू.के. सरवाडेऔर कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री. पी. एम. प्रसाद जी ने भी अपने विचारोत्तेजक संबोधन दिये।

इस अवसर पर, भारत के 8 केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ-साथ आईसीए के पूर्व अध्यक्षों और प्रोफेसर जस्टिन पॉल जैसी अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। वाणिज्य के क्षेत्र में उनके मौलिक कार्यों के लिए आज देश भर के पुरस्कार विजेताओं को आईसीए के तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार भी दिए गए। इस अवसर पर कॉलेजों के डीन प्रो. बलराम पाणि, साउथ दिल्ली कैंपस के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, आईसीए के पदाधिकारी, डीन, संकाय सदस्य, पंजीकृत प्रतिनिधि और छात्र भी उपस्थित थे।

# विभाजन के समर्थक देश की अखंडता को दे रहे चुनौती : आर.के. सिंह

नई दिल्ली (योगेश कुमार गोयल)। इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसायटी और भारत अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र गुरुग्राम के तत्वाधान में नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के डिप्टी स्पीकर हॉल में चाणक्य वार्ता प्रकाशन समूह द्वारा प्रकाशित साहित्यकार, पत्रकार और समाजसेवी लक्ष्मीनारायण भाला की पुस्तक 'संविधान की जन्मकथा' का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह द्वारा किया गया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने जनता से राष्ट्र की एकता और अखंडता को चुनौती देने वाले असामाजिक सोच वाले लोगों से सचेत रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिंता का विषय है कि जिन लोगों ने 1947 में विभाजन की मांग की थी, उनमें से 95 प्रतिशत आज भी भारत में हैं, जो राष्ट्र की एकता और अखंडता को चुनौती दे रहे हैं। देश को क्षेत्र, पंथ, जाति और नौकरी में आरक्षण के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है



जबकि भारतीय संविधान में सभी को समान अधिकार दिए गए हैं। भाला जी की पुस्तक की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को यह जानकारी होनी चाहिए कि वर्तमान संविधान में क्या-क्या प्रावधान हैं और उसका निर्माण किन परिस्थितियों में हुआ? समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि, वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे सत्यनारायण जटिया ने कहा कि भारत को आजाद हुए 75 साल हो गए हैं और इस दौरान भारतीय लोकतंत्र में क्या हुआ, इसे देश की जनता से ज्यादा कौन जानता है?

पुस्तक के बारे में उन्होंने कहा कि यह पुस्तक साधारण नहीं बल्कि असाधारण है। आरएसएस के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने चाणक्य वार्ता प्रकाशन समूह के सम्पादक डा. अमित जैन की प्रशंसा तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने एक और शानदार पुस्तक का प्रकाशन किया है। पुस्तक विमोचन समारोह को पुस्तक के लेखक लक्ष्मीनारायण भाला, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. आदीश अग्रवाल, राज्यसभा के पूर्व महासचिव एवं भारत अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के चेयरमैन डा. योगेन्द्र नारायण ने भी संबोधित किया।

समारोह का संचालन करते हुए डा. अमित जैन ने कहा कि आजादी के बाद से संविधान में जारी छेड़छाड़ के बारे में बाबा साहेब डॉ आंबेडकर ने आगाह किया था कि यदि संविधान का दुरुपयोग हुआ तो इसे सबसे पहले जलाने वाला व्यक्ति मैं ही रहूंगा। यह पुस्तक उनकी आत्मा को यह विश्वास दिलाती है कि सही हाथों से पुनर्लेखन होकर संविधान की गरिमा बनाए रखेगी। समारोह में पद्मश्री डा. जगमोहन सिंह राजपूत, पद्मश्री कंवल सिंह चौहान, दीनदयाल उपाध्याय दर्शन के शोध कर्ता डा. महेश चंद्र शर्मा, भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम जाजू, ओड़िशी नृत्य गुरु शुभदा वराडकर, पूर्व डीजीपी एस.के भगत, आईसीएआर के कुलपति डा. अशोक कुमार सिंह, अधिवक्ता सर्वजीत सांगवान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नोएडा में रोडवेज ने 5 को रौंदा, 3 की मौत

## बस चला रहे ड्राइवर को आया हार्ट अटैक

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रोडवेज बस चलाते वक्त ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद 30 सवारियों से भरी बस बेकाबू हो गई और आगे जा रहे 5 बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में 3 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 1 की हालत गंभीर है। सवारियों ने ही किसी तरह से बस को रोका।

ड्राइवर को अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के वक्त बस की स्पीड 50 किलोमीटर प्रति घंटे थी। हादसा दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक मंडी श्याम नगर के पुल के पास दोपहर 12ः20 बजे हुआ। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों ने नोएडा-लखनऊ हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत किया। रोडवेज बस बुलंदशहर डिपो की है।

### अटैक के बाद बेसुध पड़ा था ड्राइवर

हादसे के वक्त बस नोएडा से बुलंदशहर जा रही थी। दनकौर रेलवे स्टेशन के पास अचानक ड्राइवर ब्रह्म सिंह के सीने में दर्द हुआ और उसने बस से नियंत्रण खो दिया। जब तक वह कुछ समझ नहीं पाया कि उसे क्या हुआ? बस ने दो बाइकों को टक्कर मारी और रौंद दिया, तब यात्रियों का ध्यान ड्राइवर पर गया। देखा कि ड्राइवर बेसुध पड़ा है। उन्हीं यात्रियों में से कुछ लोगों ने किसी तरह से बस में ब्रेक लगाया। दुकानदार ने बताया, हादसे के बाद एक-एक कर सभी सवारियां नीचे उतरीं, तब तक पुलिस मौके पर आ गई और चालक व बाइक सवार 4 लोगों को जीप से गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ले गई। GIMS में बाइक सवार 3 लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि बस चालक और घायल 1 शख्स का इलाज चल रहा है। बस के ड्राइवर की पहचान बुलंदशहर के सलेमपुर के निवासी ब्रह्म सिंह (38) के रूप में हुई है, जबकि बाइक सवार मृतकों की पहचान सुशील (35), बुलंदशहर निवासी करन (32) और हाथरस निवासी बदन सिंह (37) के रूप में हुई है।

# पूर्व प्रधान की हत्या का एक और आरोपी गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस में शादी समारोह में पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मृतक के समधी सहित चार लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी रिवाल्वर भी बरामद की है। हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को बिसरख थाना पुलिस ने लोकल इंटेलीजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर गौर सिटी 2 की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने यशपाल यादव को गिरफ्तार किया। आरोपी के द्वारा अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से शादी समारोह में फायरिंग की गई थी। पुलिस ने लाइसेंसी



रिवाल्वर भी बरामद की है। दरसअल 27 नवंबर को थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत फार्म हाउस, ग्राम बिसरख में विनोद यादव की बेटी की शादी समारोह में आरोपी चन्द्र शेखर उर्फ शेखर यादव ने अपने समधी अशोक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे जिसके बाद इस मामले में मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### ऑनलाइन टास्क देकर 2.5 लाख रुपये ठगे

साहिबाबाद। टेलीग्राम एप के जरिए ऑनलाइन टास्क के झांसे में आकर वसुंधरा सेक्टर-दो में रहने वाले युवक ने 2.5 लाख रुपये गवां दिये। युवक के मोबाइल पर ठगों ने मैसेज भेजकर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी को अंजाम दिया। युवक के पिता मनोज ने मंगलवार को इंदिरापुरम थाना पुलिस से शिकायत की। मनोज ने बताया कि ठगों ने बेटे को टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़कर वीडियो लाइक और सब्सक्राइब कराने करने का टास्क दिया। इसकी एवज में रकम भी ली। शुरुआत में बेटे के खाते में रकम डबल होकर आई। इसके बाद वीआईपी ग्रुप में जोड़कर निवेश के नाम पर 2.5 लाख खाते में ट्रांसफर करा लिए। शक होने पर बेटे ने रुपये वापस मांगे तो ठगों ने संपर्क खत्म कर दिया।

# एमपी, छत्तीसगढ़ व राजस्थान के मुख्यमंत्रियों से गांवों किसानों के विकास की मांग करेंगे : पंचायत संघ

## गांवो खेतो में बोरवेल बंद व गांवो में छोटे बच्चो के पार्क की मांग करेंगे

**नई दिल्ली।** भाजपा आलाकमान ने मोहन यादव को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त करने से दिल्ली के नांगलोई इलाके के भाजपा नेताओं की खुशी का ठिकाना नहीं हैं। वह जल्द से जल्द उनसे मुलाकात करके उनके स्वागत की तैयारी में जुट गए।

वर्ष 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान मोहन यादव को नांगलोई का प्रभारी बनाया था।

उसी दौरान प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य रहे ओर दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थानसिंह यादव ने बताया की मोहन यादव को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त करने की जानकारी मिलने पर उनके साथ-साथ इलाके के तमाम नेता गदगद हो गए। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान मोहन



डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश
थान सिंह यादव प्रमुख दिल्ली पंचायत संघ

यादव उनके निवास पर आए थे। ओर उनसे दिल्ली के गांवो, खेतों व किसानों को लेकर चर्चा हुई थी।वे ऐसे घुल मिल गए थे, जैसे वे उनके बीच रहते हो। उस समय उन्होंने नेता के बजाए एक कार्यकर्ता की तरह कार्य किया था। उन्होंने चुनाव प्रबंधन के साथ-साथ प्रचार भी किया था।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की उनको मुख्यमंत्री शपथ लेने के बाद हम उनसे व छत्तीसगढ ओर राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्रियों से भी मांग करेंगे की वे राज्य के गांवो,खेतो में खुदे बोरवेल को बंद कराए ताकि छोटे छोटे मासूम बच्चे उसमें ना गिरे ओर हर गांव में छोटे बच्चो के लिए पार्क बनवाएं। ओर गांवो व किसानों के विकास पर ज्यादा काम करें।

पूर्व मंत्री देवेंद्र शौकीन ने कहा कि मोहन यादव ने वर्ष 2020 के चुनाव में पार्टी को जिताने के लिए तमाम नेताओं के ही नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के घर पर भी दस्तक दी थी।

# राजधानी की हवा सर्वाधिक प्रदूषित, एक्यूआई 378 दर्ज किया गया

नई दिल्ली। राजधानी में हवा की गति कम होने से प्रदूषण में बढ़ोतरी दर्ज की गई। स्थानीय कारणों और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। बुधवार को 12 इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में रही, यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार दर्ज किया गया। एनसीआर में दिल्ली की हवा सर्वाधिक प्रदूषित रही। एक्यूआई 378 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी है। सुबह से ही धुंध के साथ कोहरा देखने को मिला। वहीं, 20 इलाकों में हवा बेहद खराब व एक इलाके में खराब श्रेणी में रही।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की



ओर से चली। इस दौरान हवा की गति छह से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रही। गुरुवार को हवा पश्चिम से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति छह से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने के आसार है। सुबह के समय धुंध व कोहरा छाने की आशंका है। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। शुक्रवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेंगी। इस दौरान हवा की चाल चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली में बुधवार को 12 इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें वजीरपुर में सबसे अधिक सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 430 रहा। नेहरू नगर में 428, जहांगीरपुरी में 426, विवेक विहार में 423, आनंद विहार में 419 व अशोक विहार में 415 सूचकांक दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी है। साथ ही, 20 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें अलीपुर में 399, आईटीओ में 394, ओखला फेज 2 में 392, सोनिया विहार में 390, मंदिर मार्ग में 384 व शादीपुर में 382 सूचकांक दर्ज किया गया। एक इलाके में हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। यहां आया नगर में 271 सूचकांक दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी है।

### एनसीआर में दिल्ली की हवा रही सबसे अधिक प्रदूषित

एनसीआर में दिल्ली का एक्यूआई सबसे अधिक दर्ज किया गया। इसके बाद फरीदाबाद में 300, गाजियाबाद में 314, नोएडा में 318, ग्रेटर नोएडा में 333 व गुरुग्राम में 260 एक्यूआई दर्ज किया गया।

### ताहिर हुसैन को कोर्ट से राहत

नई दिल्ली। अदालत ने आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन के उस आवेदन को स्वीकार कर लिया है, जिसमें उन्होंने एक संपत्ति के संबंध में पत्नी के पक्ष में जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी को अदालत में प्रमाणित करने की अनुमति मांगी थी। अदालत ने हुसैन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज एक मामले की सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया। उन पर नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और 2020 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए शेल या डमी कंपनियों का उपयोग करके कई करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने कहा कि वर्तमान आवेदन के माध्यम से एकमात्र प्रार्थना यह की गई है कि आरोपी को (हरियाणा में एक भूखंड के संबंध में) अदालत में जीपीए सत्यापित कराने की अनुमति दी जाए। उक्त संपत्ति के संबंध में आज तक कोई कुर्की आदेश नहीं है और भूखंड पर अभी तक अभियुक्त का कब्जा या स्वामित्व नहीं है। उन्होंने कहा ऐसे में आवेदन को अनुमति देने में कोई बाधा नहीं है। ईडी ने आवेदन को खारिज करने की मांग करते हुए कहा था कि अपराध की आय को अनुसूचित अपराधों को अंजाम देने में आरोपी द्वारा खर्च कर दिया गया है और एजेंसी द्वारा उसके बराबर मूल्य की संपत्ति को कुर्क करने की आवश्यकता है। हुसैन के वकील ने कहा कि मुवक्किल चाहते हैं कि पत्नी उस भूखंड की देखभाल करे, जिसे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) द्वारा आवंटित किया गया था।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन और जागरूकता

जलवायु परिवर्तन आज के युग की सबसे बड़ी चुनौती में से एक है, और इसका सामारिक, आर्थिक, और सामाजिक पहलुओं पर गहरा प्रभाव हो रहा है। इस समस्या के सामने जागरूकता का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि हम सभी समूह मिलकर इससे निपट सकें और हमारे आगामी पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित कर सकें। इस लेख में, हम जलवायु परिवर्तन और जागरूकता के बारे में चर्चा करेंगे और इसे समझने की आवश्यकता को समझेंगे।

**ऊष्मागत परिवर्तन :** ऊष्मागत परिवर्तन से सम्बंधित उच्चतम और न्यूनतम तापमानों में वृद्धि का सामना हो रहा है, जिससे अधिकतम और अधिकतम तापमानों की अधिक घड़ी हो रही है।

**जलवायु संबंधी आपदाएँ :** जलवायु परिवर्तन के कारण बदलती हुई जलवायु स्थिति के कारण विभिन्न स्थानों में आपदाएँ बढ़ रही हैं, जैसे कि बारिश की अधिकता, बाढ़, और चक्रवाती तूफान।

**सामूहिक जागरूकता :** सामूहिक जागरूकता का होना जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को समझने में मदद करता है और लोगों को इसके सामाजिक और आर्थिक पहलुओं से अवगत कराता है।

**शिक्षा :** शिक्षा एक महत्वपूर्ण हथियार है जो लोगों को जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों के बारे में जागरूक कर सकता है।

### जागरूकता के उपाय

**शिक्षा प्रणाली को सुधारें :** शिक्षा प्रणाली को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझाने के लिए और इस पर सामूहिक उत्तरदाता बनाने के लिए सुधारा जा सकता है।

**जलवायु संरक्षण कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करें :** जलवायु संरक्षण कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने और समर्थन करने से लोगों को इस समस्या के सामने बढ़ने का संवेदन हो सकता है।

जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए जागरूकता बढ़ाना और समुदाय को सामूहिक रूप से सहयोगी बनाना महत्वपूर्ण है। साथ ही, उचित कदम उठाने और पर्यावरण के प्रति सावधानी बनाए रखने से ही हम इस गंभीर समस्या का समाधान कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।



# भाजपा ने सबको चौंकाया

आमतौर पर राजनीतिक दल नेताओं की वरिष्ठता और अनुभव आदि को ध्यान में रख कर मुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य पदों पर उनकी नियुक्तियों का फैसला करते हैं। मगर भाजपा इस फार्मूले पर नहीं चलती। उसके लिए संगठन सर्वोपरि है। जो संगठन के लिए निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह काम करता है, उसे पुरस्कृत किया जाता है।

राजस्थान में मुख्यमंत्री का नाम घोषित होने के साथ ही कयासों का सिलसिला थम गया है। अनुमान लगाए जा रहे थे कि वरिष्ठ नेताओं में से किसी को कमान सौंपी जाएगी, मगर हुआ इसके ठीक उलट। पहली बार विधायक चुने गए भजन लाल शर्मा वहां के मुख्यमंत्री होंगे। ऐसे ही चौंकाने वाले निर्णय मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी लिए गए। मध्यप्रदेश में कई नामों को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं।

भाजपा की विजय के पीछे शिवराज सिंह चौहान के कामकाज और योजनाओं का बड़ा हाथ माना जा रहा था। केंद्र से मंत्री पद छोड़ कर गए नेताओं में से किसी को पुरस्कृत करने की भी चर्चा चल रही थी। मगर वहां मोहन यादव को सूबे की जिम्मेदारी सौंप कर भाजपा ने सबको चौंका दिया। छत्तीसगढ़ में हालांकि विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल माना जा रहा था, इसलिए उनके चुनाव पर लोगों को उतनी हैरानी नहीं हुई।

मगर राजस्थान और मध्यप्रदेश की कमान बिल्कुल अल्पज्ञात नेताओं को सौंप कर भाजपा नेतृत्व ने लोगों को विस्मित कर दिया। हालांकि इससे पहले भी गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा आदि राज्यों में भाजपा इसी तरह के साहसिक और चौंकाने वाले फैसले कर चुकी है। इसकी कुछ वजहें स्पष्ट हैं।

आमतौर पर राजनीतिक दल नेताओं की वरिष्ठता और अनुभव आदि को ध्यान में रख कर मुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य पदों पर उनकी नियुक्तियों का फैसला करते हैं। मगर भाजपा इस फार्मूले पर नहीं चलती। उसके लिए संगठन सर्वोपरि है। जो संगठन के लिए निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह काम करता है, उसे पुरस्कृत किया जाता है। संगठन में खेमेबंदी करने वालों को प्राय- किनारे कर दिया जाता है।

इसी का दंड शायद शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे को भुगतना पड़ा है। राजस्थान में वसुंधरा राजे ने मान लिया था कि उनकी अगुआई के बिना भाजपा का चुनाव जीतना मुश्किल होगा। फिर केंद्रीय नेतृत्व के साथ उनके रिश्ते भी मधुर नहीं थे। मगर जब राजस्थान में भाजपा चुनाव जीत गई, तो उन्होंने अपने खेमे के नेताओं की लामबंदी शुरू कर दी और इस तरह दबाव बनाने का प्रयास किया कि मुख्यमंत्री का पद उन्हें ही मिलना चाहिए।

मगर भाजपा ने भजन लाल शर्मा को आगे करके स्पष्ट संदेश दे दिया है कि खेमेबंदी करने वालों की संगठन में कोई अहमियत नहीं है। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के बारे में भी यही माना जा रहा था कि वहां उनका कोई विकल्प नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ में रमन सिंह अपने पुराने कार्यकाल के दागों से मुक्त नहीं थे, इसलिए उनकी दावेदारी वहां थी ही नहीं।

भाजपा ने इन तीनों राज्यों में बिना किसी मुख्यमंत्री के चेहरे के चुनाव लड़ा था। मध्यप्रदेश में जरूर उसकी सरकार थी, मगर शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया था। इस तरह पहले से तय था कि वहां नेतृत्व परिवर्तन होगा। नए चेहरे को आगे करने का फायदा यह भी मिलता है कि पहले के नेतृत्व के साथ जो कुछ अनियमितताएं, खराब नीतियां और फैसले जुड़े होते हैं, वे हाशिये पर चली जाती हैं।

लोग नए चेहरे से नई उम्मीदें पालना शुरू कर देते हैं। इस तरह पुराने दाग-धब्बे धुंधले पड़ जाते हैं। उत्तराखंड और गुजरात में नेतृत्व परिवर्तन कर भाजपा ने इसका लाभ उठाया भी है। फिर सबसे बड़ी बात कि इस तरह भाजपा दूसरे राजनीतिक दलों से खुद को अलग खड़ी कर पाती है कि उसमें किसी भी नेता को नेतृत्व सौंपा जा सकता है, वरिष्ठता, लोकप्रियता या पार्टी नेताओं में पकड़ कोई पैमाना नहीं।

# भाजपा गढ़ रही है राजनीति की नयी परिभाषा



- ललित गर्ग -

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में ऐतिहासिक जीत के बाद जिस प्रकार मुख्यमन्त्री पद पर चौंकाने वाले नामों के फैसले लेकर सबको चकित किया हैं, उनसे स्पष्ट है कि यह पार्टी राजनीति की नयी परिभाषा गढ़ने के साथ जमीनी कार्यकर्ताओं को भविष्य के नेता बनाने के लिये तत्पर है। पार्टी एवं विशेषत: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम जनता को सन्देश दे रहे हैं कि साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में एक दिन ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और आज राजस्थान में श्री भजनलाल शर्मा को जिस तरह मुख्यमन्त्री का पद सौंपा गया है उससे यह भी साफ करने की कोशिश की गई है कि कोई भी अपनी लोकप्रियता का ढिंढोरा पीटकर और विधायकों को अपनी जेब में रखने का भ्रम दिखा कर मुख्यमन्त्री बन सकता है तो भाजपा आलाकमान उसकी यह दादागिरी बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा में गढ़ी जा रही नयी राजनीतिक परिभाषाएं ही उसके प्रचंड जीत का आधार बन रही है। भाजपा नेतृत्व में सिर्फ औरो पर हुकूमत नहीं की जाती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास के आधार राजनीति धरातल को मजबूती दी जाती है। सबके अस्तित्व को नकार कर सिर्फ स्वयं के होने की प्रस्तुति कभी नेतृत्व एवं कर्तृत्व के कद को ऊंचाई दे सकती।

भाजपा ने न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से ताजगी का अहसास किया जा सकता है। राजनीति किन्हीं नेताओं की बपौती नहीं है, यह बात मोदी जैसे नेता ही सिद्ध कर पाये हैं। वरना भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो राजनीति से घबराने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सिद्ध कर दिया कि यहां कुछ भी असंभव नहीं। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं तक एक खुशखबरी की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है और अपने वास्तविक एवं आदर्श स्वरूप को आकार देने का पात्र बनता है। मोदी ने अपने नाम पर प्रादेशिक चुनाव लड़कर एवं जीतकर एक नयी प्रकार की राजनीति को विकसित करने का धरातल तैयार कर दिया है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी- बारी सत्ता संभालते आ रहे थे और सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं थे, ऐसे में उनको निराशा हाथ लगी है। अब व्यक्तिवादी राजनीति का युग समाप्ति की ओर अग्रसर है, यह भारत में राजनीति को अधिक स्वच्छ, आदर्श एवं दमदार बनायेगा।



इस बार के चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि जिस व्यक्ति को भी श्री मोदी का आशीर्वाद प्राप्त होगा और जिसे नवनिर्वाचित विधायक पसन्द करेंगे वही मुख्यमन्त्री होगा। भाजपा ने ये चुनाव प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा आगे रख कर लड़े थे और स्वयं श्री मोदी ने अपनी गारंटी देकर लोगों से वोट मांगे थे। तीनों मे से किसी एक राज्य में भी संभावित मुख्यमन्त्री का चेहरा रखकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश नहीं की गई थी। इससे चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि इस बार मुख्यमंत्री के नाम न केवल चौंकायेंगे बल्कि सुखद अहसास का सबब भी बनेंगे। राजस्थान में इसके कहीं कोई आसार नहीं दिख रहे थे कि पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वैसे तो भाजपा इस तरह के चकित करने वाले फैसले पहले भी करती रही है, लेकिन इस बार उसने कुछ ज्यादा ही चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले फैसले लिए। भाजपा ने इन तीनों राज्यों की कमान केवल नए चेहरों को ही नहीं थमाई, बल्कि उन नेताओं को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनाया, जो अपेक्षाकृत युवा हैं और पार्टी की विचारधारा से गहरे से जुड़े रहने के साथ जमीनी स्तर पर काम करते रहे हैं। महिला नेतृत्व को भी आगे लाया गया है। ऐसे नेताओं को आगे करके भाजपा ने यही संदेश दिया कि वह एक ऐसा दल है, जिसके सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और लगन से उच्च पद पर पहुंच सकते हैं। ऐसा कोई संदेश न तो परिवारवाद को प्रश्रय देने वाली कांग्रेस दे सकने में समर्थ है और न ही क्षेत्रीय दल।

अनेक नये प्रयोगों के माध्यम से भाजपा खुद को मजबूत बना रही है एवं राजनीति की विसंगतियों एवं विडम्बना को दूर करने की गाथा भी लिख रही है। उसने इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्रियों के चयन में समाज के विभिन्न वर्गों की आकांक्षाओं का भी ध्यान रखा। इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के चेहरों के जरिये भाजपा ने जिस तरह अपने सामाजिक समीकरण मजबूत किए, उससे उसके विरोधियों के इस तरह के आरोपों की हवा निकल गई कि वह अमुक अमुक वर्ग की उपेक्षा करती है। दलित, आदिवासी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के नेताओं को उचित प्रोत्साहन देकर भाजपा ने यह और अधिक अच्छे से रेखांकित किया कि वह समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करती है। भाजपा न केवल मतदाताओं के दिलों को जीतने के मामले में अन्य दलों से कहीं अधिक आगे नजर आने लगी है, बल्कि नेताओं की नई पीढ़ी को तैयार करने और उन्हें अवसर देने के मामले में भी उसने नई लकीरें खींची है। स्पष्ट है कि इससे उसके सामान्य कार्यकर्ताओं में उत्साह का कहीं अधिक संचार हुआ है और मतदाता भी उत्साहित एवं हर्षित दिख रहा है।

जहां राजनीति दलों के नेताओं एवं मतदाताओं की निष्ठा का समन्वय नहीं होता, वहां उनकी मानसिकता में या तो दब्बुपन, कायरता, हीनता, भय, तनाव पैदा हो जाती है या फिर वे अति लापरवाह, निस्संकोच, मुंहफट, ढीठ हो जाते है, ऐसी स्थितियों में असंतोष, विरोध, विद्रोह ही पनपते हैं।

नरेन्द्र मोदी के साथ अमित शाह ने भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं को पिछले कुछ वर्षों में यही संदेश दिया है कि वे पार्टी की मजबूती के लिए बूथ लेवल पर मेहनत करेंगे तो समय आने पर उनको उनका मेहनताना दिया जाएगा। भले ही वह विष्णुदेव साय जैसा जमीनी कार्यकर्ता हों। अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे।' मुख्यमंत्री बनाकर अमित शाह ने सचमुच उन्हें बड़ा आदमी बना दिया है। इसी तरह की सोच की वजह है कि भाजपा केंद्र में भी 2014 से लगातार सत्ता में बनी हुई है और राज्य स्तर पर भी अपनी धमक दिखा रही है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सीएम और डिप्टी सीएम पद के लिए चुने गए नए नाम 2024 की रणनीति के तौर पर भी देखे जा रहे हैं। भाजपा को सत्ता में बनाए रखने के लिए मोदी-शाह फॉर्मूला एकदम साफ है कि उसके नेताओं की साफ-सुथरी छवि होनी चाहिए, आरएसएस से संबंध होना चाहिए, युवाओं को आगे लाने की कोशिश होनी चाहिए, लीडरशिप में नई पीढ़ी को उतारना मकसद हो, सीएम और 2 डिप्टी सीएम फॉर्मूला हिट है एवं जातियों का समान प्रतिनिधित्व होना चाहिए। ये वो फॉर्मूला है, जिसके दम पर भाजपा राज्यों में अपनी पकड़ बनाकर रखती है और केंद्र में जीत के लिए रास्ता साफ करती है।

अगर आप तीनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री पदों पर बैठने वाले व्यक्तियों को देखें तो, उनके चुने जाने की पहली वजह है साथ सुथरी छवि। तीनों ही सीएम पर किसी तरह का कोई गंभीर आरोप नहीं है, जो पार्टी के लिए मुसीबत बन सके। तीनों ही सीएम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे हैं।

# देश के विकास की दिशा को नया आयाम

हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकेंद्य बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकताद्य वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंत:प्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंत: प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे।

आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना।

## दरख्तो से पुराने घरोंदे वो उठाने लगे

दरख्तो से पुराने घरोंदे वो उठाने लगे
सूखे सरोवर परिंदे छोड़कर जाने लगे
है

नहि अंदेशा है उन्हें अपनी उडान की
दूरी का,
कंधे पर रख जीन्दगी का क़र्ज़ चुकाने
लगें हैं

दरख्तों के ढ़ूठ होने का अफ़सोस नही
है,
नन्हे चूज़ों के नये घोसले बनाने चले
है

कितने दरख़्त,सरोवर सूख गए
संजीव
हौसलों से परिंदे नई ऊंचाई नापने
चले है।

चूजे भी पुराने दरख्तों के छोटे
तिनके,उठाकर,
आदम को दुनिया का आकाश
दिखाने चले है।

भूल जाओ पुराने लम्हों ,पलों ,को
चलो साथ साथ,
अब परिन्दें भी दुनिया को नई रौशनी
दिखाने चले हैं।




संजीव ठाकुर
रायपुर

# जरूरी है ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता



- योगेश कुमार गोयल

ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन किया जाता है। ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाईट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया 

जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बर्बादी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा। देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि ऊर्जा चाहे किसी भी रूप में हो, वह उसे व्यर्थ में नष्ट न करे। अपने और आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य के लिए हमें अपने व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण की आदतों को शामिल करना ही होगा।

## शार्ट न्यूज

### अवैध शराब के तीन कारोबारी गिरफ्तार

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे दुबौलिया थाने की पुलिस ने बुधवार को अवैध शराब के तीन कारोबारियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से अवैध शराब बरामद की । पुलिस सूत्रो ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि दुबौलिया थाने की पुलिस द्वारा अवैध शराब का कारोबार करने वाले तीन कारोबारियों संतोष सोनकर उर्फ पद्दू, बीर बहादुर उर्फ मालिक,राम भजन सोनकर निवासी ग्राम पण्डूल घाट थाना दुबौलिया को गिरफ्तार करके इनके कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब,2 लीटर स्प्रिट तथा शराब बनाने का उपकरण बरामद किया गया है। इन लोगो के विरूद्व आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया है। आगे इनके विरूद्व गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है। इन लोगों द्वारा अवैध शराब से जो धन अर्जित किया गया है उसके विषय मे जानकारी करके उसका जब्तीकरण कराया जायेगा।

### मुठभेड़ के दौरान गौ तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर । उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खुटहन व खेतासराय थाने की संयुक्त टीम ने एक अन्तर्जनपदीय शातिर गौ-तस्कर अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था मे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी तमन्चा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस, 01 मोटर साइकिल व 01 मोबाइल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार देर रात थानाध्यक्ष खुटहन अरविन्द कुमार सिंह मय हमराही कर्मचारीगण व थानाध्यक्ष खेतासराय, चन्दन कुमार राय मय हमराही कर्मचारीगण की सहायता से चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखायी दिखायी। उसे रूकने को कहने पर भी वह भागने लगा। इसके बाद अन्तर्जनपदीय शातिर गौ-तस्कर को पोटरिया मोड़ गभिरन से मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 आजम उर्फ गुड्डू पुत्र अब्दुल मन्नान निवासी ग्राम पटैला जनपद जौनपुर के कब्जे से एक देशी तमन्चा 315 बोर तथा 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक मोटर साइकिल बरामद की गयी।

### पुलिस ने चार बदमाशों को किया गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में बक्सा थाने की पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान स्कार्पियों सवार 04 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 अवैध पिस्टल, 03 तमंचा मय कारतूस, 29 देशी बम व 06 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि अपराध अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बक्सा विवेक कुमार तिवारी मय हमराही कर्मचारीगण मंगलवार देर रात संदिग्ध वाहनों और लोगों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान 04 बदमाश सचिन यादव उर्फ देवा पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम देवापार थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर, रोहित सोनकर पुत्र करिया सोनकर निवासी कुद्दूपुर रसैना थाना लाईन बाजार जनपद जौनपुर, किशन यादव पुत्र राजमन यादव निवासी ग्रमा नईगंज थाना कोतवाली जनपद जौनपुर और रजनीकान्त मौर्य उर्फ बन्टी पुत्र हीरालाल मौर्य निवासी ग्राम सैदनपुर थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर को पकड़ी चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

### तेज रफ्तार बाइक टकरायी खंभे से ,युवक की मौत

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के महोबकंठ क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होकर बिजली के खम्भे से टकरा जाने से उसपर सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि तेली पहाड़ी गांव का निवासी 40 वर्षीय जय सिंह अहिरवार घटेरा में रिश्तेदारी में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपनी मोटर साइकिल में सवार होकर जा रहा था। मंगलवार देर रात बेहद तेज रफ्तार में उसकी बाइक अंधेरे में रोशनी पर्याप्त न होने पर रूरी कलां के निकट सड़क किनारे स्थित बिजली के खम्भे में टकरा गई। इस दुर्घटना में जय सिंह बुरी तरह से लहूलुहान हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के काफी समय बाद मौके से गुजरे राहगीरों ने युवक को घायल अवस्था मे पड़ा देख मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस की पीआरबी टीम ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंच युवक को देखा लेकिन उसकी तब तक मौत हो चुकी थी। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर उसे पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेजा है और प्रकरण की जांच आरम्भ की है।

### गुंडा एक्ट के 15 अपराधी जिलाबदर

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के एसपी अनुराग आर्य ने जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत लगातार जिले में अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत 15 अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसके साथ ही रौनापार थाना क्षेत्र में महिला की हत्या में शामिल चार अपराधियों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। जिले के एसपी अनुराग आर्य ने जिन अपराधियों को जिला बदर किया है। उनमें अमीर अहमद, जितेन्द्र यादव, कन्हैया, सच्चिदानंद मिश्र, अकबर और गुड्डू हैं। इसके साथ ही सरायमीर थाना क्षेत्र के रहने वाले चार अपराधियों कादिर, मोहम्मद फैज, मोहम्मद खालिद, शाबिर, अखिलेश यादव, राम मिलन चौरसिया, गोविन्द सोनकर, अमरेन्द्र यादव उर्फ आवेन्द्र और अवधेश हैं। इसके साथ ही 11 सितंबर को जमीनी रंजिश में विपक्षियों द्वारा महिला की चाकू मारकर हत्या के मामले में जेल में बंद चार आरोपियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। जिले के एसपी अनुराग आर्य ने संगठित अपराध करने 138 गिरोहों को रजिस्टर्ड किया गया है।

### गोरखपुर में घर में घुसकर युवती से गैंगरेप

गोरखपुर। गोरखपुर में युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि लड़की को अकेला देखकर गांव के ही 7-8 लड़के घर में घुस गए। पहले उसे मारा-पीटा। फिर असलहा सटाकर उसके साथ दरिंदगी की। थोड़ी देर बाद लड़की के घरवाले आए। लड़की ने रो-रोकर घरवालों से आपबीती बताई। इसके बाद परिवार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मगर कोई कार्रवाई नहीं की। शिकायत की बात जैसे ही आरोपियों को पता चली। वो लोग रात 11 बजे फिर से पीड़िता के घर गए। सभी ने मिलकर पीड़िता और उसके घरवालों की पिटाई की। फिर धमकी देकर कहा-अगर पुलिस से शिकायत की, तो सभी की हत्या हो जाएगी...लाश भी नहीं मिलेगी। घटना सहजना इलाके के एक गांव में 9 दिसंबर की है। पुलिस ने मामले में सोमवार देर रात 7 नामजद सहित 3 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। हालांकि, पुलिस ने केस दर्ज कर जब मामले की पड़ताल शुरू की तो कई चौकाने वाले मामले भी सामने आए। आरोपियों में से एक युवक से पीड़िता का पहले से संबंध था। गांव वालों के मुताबिक, बीते अक्टूबर महीने में एक आरोपी संग युवती घर छोड़कर भाग गई थी। इस मामले में उसके घर वालों ने अपहरण का केस भी दर्ज कराया था।

### मेरठ में दबंगों ने किशोरी का किया अपहरण

मेरठ। मेरठ में दबंगों ने 16 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया। परिजनों का कहना है कि दबंग किशोरी के साथ पहले छेड़छाड़ करते थे।पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते उनके हौसले बुलंद हो गए और 12 दिसंबर को बेटी का अपहरण कर ले गए। जिससे पूरा परिवार न्याय के लिए भटक रहा है। बुधवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पीड़ित ने बताया कि देहली गेट थाना क्षेत्र के सराय लाल दास का रहने वाला दबंग अपने दोस्तों के साथ मिलकर उनकी 16 वर्षीय बेटी के साथ बाजार जाते समय आए दिन छेड़छाड़ करता था। दबंग मनचलों से परेशान होने पर किशोरी ने मामले की जानकारी अपने परिवार वालों को दी। किशोरी के परिवार वालों ने दबंग मनचले के पिता से शिकायत की तो दबंग के पिता ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उनके साथ जमकर अभद्रता कर दी थी। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की।

# अल्पविकसित व मलिन बस्तियों में बड़े स्तर पर विकास कार्यों को गति देगी योगी सरकार

## प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को पूर्ण करने पर राज्य सरकार का फोकस

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश में नागरिक सुविधाओं में वृद्धि कर मलिन व अल्पविकसित बस्तियों में रहने वाली जनता की जीवनशैली में परिवर्तन लाने के लिए प्रयास कर रही है। इसी क्रम में सीएम योगी के विजन के अनुरूप एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत प्रदेश में महाराजगंज, अलीगढ़, लखीमपुर खीरी, बस्ती, कन्नौज, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, आगरा तथा बाराबंकी के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 229 विकास कार्यों को पूर्ण करने की तैयारी की गई है। इन विकास कार्यों में विभिन्न प्रकार के मार्गों, नालियों व दीवारों के निर्माण व मरम्मत समेत अन्य अवसंरचनाओं की निर्माण प्रक्रिया को भी पूर्ण किया जाएगा। इन कार्य योजनाओं को पूर्ण करने के लिए 24.67 करोड़ रुपए की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के बाद



जारी कर दिया गया है। तीन प्रकार की अलग-अलग परियोजनाओं के जरिए इन निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाएगा जिनमें से दो परियोजनाओं के लिए पहली किस्त के तौर पर 14.79 व 9.48 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है, जबकि तीसरी परियोजना के लिए दूसरी किस्त के तौर पर 40.19 लाख रुपए की धनराशि जारी की गई है।

### निर्माण प्रक्रिया से मलिन बस्तियों के विकास की बढ़ेगी रफ्तार

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत तीन प्रमुख विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दी गई है। इनमें से पहली परियोजना के अंतर्गत महराजगंज, अलीगढ़, लखीमपुर खीरी, बस्ती, कन्नौज, वाराणसी व गोरखपुर में सीसी रोड व नाली निर्माण जैसे कार्यों को पूर्ण करने के लिए 19.71 करोड़ रुपए की प्राविधानित राशि के सापेक्ष पहली किस्त के तौर पर 14.79 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इसमें अलीगढ़ में 19 विकास कार्यों के लिए 3.03 करोड़, महाराजगंज में 8 विकास कार्यों के लिए 98 लाख, लखीमपुर खीरी में 3 विकास कार्यों के लिए 73.26 लाख, बस्ती में 3 परियोजनाओं के लिए 61 लाख, वाराणसी में 34 परियोजनाओं के लिए 4.55 करोड़, कन्नौज में 10 परियोजनाओं के लिए 80 लाख तथा गोरखपुर में 17 विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए 4.05 करोड़ रुपए की धनराशि पहली किस्त के तौर पर जारी की गई है।

मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत तीन प्रमुख विकास परियोजनाओं में से दूसरी परियोजना के अंतर्गत लखनऊ, आगरा व बाराबंकी समेत प्रदेश के तमाम क्षेत्रों में अल्पविकसित व मलिन बस्तियों में विकास कार्यों को पूर्ण करने का खाका खींचा गया है। इस क्रम में, लखनऊ में सीसी रोड व नाली निर्माण जैसे कार्यों को पूर्ण करने के लिए कुल 94 विकास कार्यों के लिए प्राविधानित 13.77 करोड़ रुपए की कुल लागत में से पहली किस्त के तौर पर 6.88 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे लखनऊ नगर निगम के अंतर्गत आने वाले मालवीय नगर, जानकीपुरम, सआदतगंज, न्यू हैदरगंज, फैजुल्लागंज, अबरारनगर, कन्हैया माधवपुर, विवेकानंदपुरी व नगर पंचायत के आधीन आने वाले मलिहाबाद क्षेत्र में विभिन्न कार्यों को पूर्ण किया जाएगा।

# सीएम योगी करेंगे राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता

**महायोगी गोरखनाथ विवि में 15 दिसंबर से शुरू होगी तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी**

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व फार्मेसी संकाय के संयुक्त तत्वावधान एवं ट्रांसलेशन बायोमेडिकल रिसर्च सोसायटी के सहयोग से 15 दिसंबर से शुरू होने जा रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी और विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार के औषधि महानियंत्रक डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी उपस्थित रहेंगे। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने बताया कि एडवांसेज एंड ऑपर्चुनिटीज इन ड्रग डिस्कवरी फ्रॉम नेचुरल प्रोडक्ट्स (बायोनेचर कॉन-2023) विषयक तीन दिन की इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश-दुनिया में प्रतिष्ठित वैज्ञानिक अपने कार्य अनुभवों से प्रतिभागी शोधार्थियों व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

इसमें प्राकृतिक संसाधनों से बन रही औषधियों और जानलेवा बीमारियों के निदान में उनके महत्व पर विशद मंथन होगा। संगोष्ठी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के पंचकर्म केंद्र के ऑडिटोरियम में 15 दिसंबर को सुबह 10: 30 बजे सीएम योगी की अध्यक्षता में होगा। संगोष्ठी को यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रथम दिवस में उद्घाटन, दो तकनीकी सत्र, द्वितीय दिवस में छह तकनीकी सत्र एवं तृतीय दिवस दो तकनीकी सत्र के बाद 17 दिसंबर को पूर्वाह्न 11: 30 बजे से समारोप समारोह आयोजित होगा। समारोप सत्र की अध्यक्षता प्रो उदय प्रताप सिंह, प्रति कुलाधिपति, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति प्रो. उदय प्रताप सिंह करेंगे।

# फर्रुखाबाद : स्कूली बस खाई में पलटी, बाल-बाल बचे बच्चे

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के अमृतपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक स्कूली बस मोटरसाइकिल सवार का बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सडक समीपवर्ती करीब 10 फीट गहरे गड्ढे गिरकर पलट गई जिससे बस में सवार 37 बच्चों में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए तथा 35 बच्चे सुरक्षित बाल बाल बच गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद स्थित रोजी पब्लिक स्कूल की एक बस 37 बच्चों को लेकर अमृतपुर थाना क्षेत्र में बदायूं -फर्रुखाबाद मार्ग आज सुबह ग्राम नगला भूसा के पास से जब गुजर रही थी तभी एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने का प्रयास करते समय बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरे खंड्डु में जाकर पलट गई। इसके बाद घटनास्थल पर बच्चों की चीख पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीणों ने आनन-फानन बस से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी तथा एसडीम रवेद्र सिह मौके पर पहुंचे। इस हादसे में शाहजहांपुर के ग्राम ढाई जरियानपुर निवासी कक्षा 10 में पढ़ने वाले 15 वर्षीय छात्र आदित्य राजपूत तथा कक्षा 7 में पढ़ने वाली, उसकी 12 वर्षीय बहन दिव्यांशी को घायलवस्था में समीपवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाया गया। यह स्कूली बस शाहजहांपुर जिले केथाना मिर्जापुर के ग्राम थरिया निवासी सुनील चला रहा था पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया और घटना की जांच पड़ताल शुरू करदीस।

# झांसी मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में मिले दो कंकाल

## सफाई में दो सिर समेत 20 से अधिक मानव हड्डियां मिली; कांग्रेस ने किया हंगामा

झांसी। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में बुधवार को दो कंकाल मिले हैं। यहां साफ सफाई कराई जा रही थी। तभी दो सिर समेत 20 से अधिक मानव हड्डियां मिली हैं। इसके बाद कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि कंकाल की आंख-किडनी कहां गए? ये किसका कंकाल है। यह मेडिकल कॉलेज को बताना होगा। जब तक इन सवालों के जबाव नहीं मिल जाते, कांग्रेस मोर्चरी के बाहर धरना देगी।

### कचरे के डेर में पड़ी थी मानव हड्डियां

7 दिसंबर को मोर्चरी में व्यापारी संजय जैन के शव की आंखें चूहे नोचकर खा गए थे। मामला शासन स्तर तक पहुंचा तो पूरी मोर्चरी की सफाई कराई जा रही थी। इधर, आंखें नौंचने के मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बुधवार सुबह पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य समेत कई कांग्रेसी मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। दोपहर करीब 2: 30 बजे कचरे के ढेर में मानव सिर की हड्ड़ी मिली।

कर्मचारी कचरे के साथ हड्ड़ी को फेंकने के लिए जा रहे थे। जब कांग्रेसियों ने देखा तो हंगामा खड़ा कर दिया। इसके बाद मोर्चरी अंदर जांच पड़ताल की गई तो एक और सिर समेत 20 से अधिक मानव हड्डी बरामद हुई। इसके बाद कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। और अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### कुछ मानव हड्ड़ियां जलाने की कोशिश

कुछ मानव हड्ड्रियां जली हुई मिली है। इससे लग रहा है कि इनको जलाने की कोशिश भी की गई है। कांग्रेस ने सभी मानव हड्ड्रियां एक जगह एकत्र करवाकर रख ली। पूर्व मंत्री प्रदीप जैन का कहना है कि मोर्चरी में संवेदनहीनता की पराकाष्टा सामने दिखाई दे रही है।

मानव देह जो पवित्र मानी जाती है और पंचतत्व में विलीन होना चाहिए। उसका पूरा देह कूड़े में मिल रहा है। ये गहन जांच का विषय हे कि कंकाल की किडनी-आंखें कहां गई? किसकी डेडबॉडी है, ये मेडिकल कॉलेज प्रशासन को बताना चाहिए। जब तक इस सवाल का जबाव नहीं मिलता हम लोग स्थाई रूप से धरने पर बैठे रहेंगे।

### खंडहर जैसे थे मोर्चरी के हालत

मेडिकल कॉलेज के अफसरों की लापरवाही के कारण मोर्चरी के हालत खंडहर जैसे हो गए थे। इसके चारों तरफ बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हुई थी। शव रखने के लिए डीप फ्रीजर की कोई व्यवस्था नहीं थी। शव टूटे हुए लोहे के बॉक्स में रखे जाते थे। इसलिए चूहे, नेवले और अन्य जानवर शव को नोचकर खा जाते थे।

मामला सामने आने के बाद यहां बड़े स्तर पर साफ सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा दो दिनों से शव भी नई बिल्डिंग में रखे डीप फ्रीजर में रखे जा रहे हैं। इस डीप फ्रीजर में कोविड संक्रमण से मृत लोगों की डेडबॉडी रखी जाती थी।

# फिरोजाबाद : दो हत्यारोपियों को भेजा गया जेल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना नागला खंगार क्षेत्र में हुए राजेश हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने विगत 4 नवंबर को थाना नागला खंगार क्षेत्र में गांव नगला गुलाल में राजेश हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया गया कि नगला गुलाल में आयोजित एक तेहरवी भोज के कार्यक्रम में पल्सर सवार हत्यारों ने सहवीर को समझ कर धोखे से राजेश कुमार की गोली मारकर हत्या की थी।

एस पी ग्रामीण ने बताया कि हतयाकांड




के खुलासे केलिए अधिकारियों केनिर्देश पर सर्विसलॉन्स ,एसओजी के साथ थाना प्रभारी की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडरपास के समीप पल्सर सवार दो लोग रामप्रताप और राहुल को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ मे गिरफ्तार रामप्रताप ने बताया कि गांव के ही सहवीर से उनकीजमीनी विवाद को लेकर पुरानी दुश्मनी चल रही है उसी के चलते हुए सहवीर के बेटे भूपेंद्र द्वारा उनके पिता की हत्या की गई थी जिसके अपराध में वह जेल में बंद है। राम प्रताप के द्वारा सहवीर को मरवाने के लिए बदमाश राहुल से गांव के ही हिस्ट्री सीटर बृजेश के माध्यम से सुपारी दी गई थी। 4 नवंबर को गांव में ही आयोजित तेहरवीं भोज में सहवीर के आने की जानकारी पर उसकी मौत के घाट उतारने की योजना बनाई गई थी किंतु राहुल ने सहवीर समझकर जिसको गोली मारी थी वह तो राजेश निकला ।

### क्रासिंग के बीच में फंसी ट्रैक्टर-ट्राली

लखनऊ। लखनऊ में बुधवार को बड़ा रेल हादसा टल गया। दरअसल, ईट से लदी ट्रैक्टर- ट्रॉली केसरी खेड़ा क्रॉसिंग के बीच में अचानक बंद हो गई। उस दौरान कई ट्रेनों के वहां से गुजरने का समय हो रहा था। ऐसे में मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों की दी गई। क्रासिंग से पहले ही कानपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन रोकी गई। लखनऊ के यात्री पैदल ही निकल पड़े। 30 मिनट तक यहां दिक्कत बनी रही। इसके बाद ट्रैक को क्लियर करा लिया गया। ट्रैक्टर को ट्रॉली से अलग करके धक्का देकर निकाल दिया गया।

### शादी में थार ने युवक को रौंदा, मौत

मेरठ। मेरठ में एक शादी में शामिल होने आए रईसजादों ने युवक पर थार चढ़ा दी। वह तड़पने लगा तो फिर गाड़ी बैक करके उसे रौंद दिया। जिससे युवक की मौत हो गई। रईसजादे मौके से फरार हो गए। युवक के फूफा ने किसी तरह से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना मंगलवार देर रात हापुड़ हाईवे के रॉयल गार्डन के पार्किंग की है। पुलिस ने बताया कि जान गंवाने वाला शख्स नावेद था। वो आनंद हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ था। मामले में लोहिया अस्पताल में एफआईआर दर्ज की गई है। ये हादसा था या सोची समझी साजिश, पुलिस इसकी जांच कर रही है। किला परीक्षितगढ़ थाने के खजुरी इलाके में रहने वाला इस्तकार का बेटा नावेद आनंद अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ था। फूफा मुदस्सिर ने बताया, मंगलवार को नावेद मेरे साथ रॉयल गार्डन गया था। मेरे करीबी माजिद के परिवार में थी। रात को करीब 12 बजे हम लोग रॉयल गार्डन की पार्किंग में खड़े थे। तभी तेज रफ्तार थार नावेद के ऊपर चढ़ा दी गई। मैंने कूदकर खुद को बचाया। मुदस्सिर ने बताया, थार सवार नशे में धुत थे। उन्होंने गाड़ी बैक करके दोबारा थार नावेद पर चढ़ा दी। इसके बाद मेरा शोर सुनकर मंडप के अंदर से लोग दौड़े। हालांकि तब तक थार सवार मौके से भाग चुके थे। वहां मौजूद लोगों ने थार का नंबर पुलिस को दिया है। साथ ही, नावेद को आनंद अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रायबरेली में सीएनजी गैस एजेंसी में लगी आग

रायबरेली। रायबरेली में बड़ा हादसा टल गया है। बता दें की सीएनजी गैस एजेंसी में सीएनजी में भरते समय ऑटो में भीषण आग लग गई है। आग लगने से हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आंख पर काबू पाया गया। भारी संख्या में आसपास के लोग मौके पर मौजूद नजर आ रहे हैं। आसपास समय कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद है। पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सारस चौराहे का है। जहां चौराहे पर स्थित पेट्रोल टंकी पर सीएनजी भराते समय अचानक आग लग गई। देखते देखते ऑटो धूं धूं कर जलने लगा। आटो में आग लगने से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि ऑटो में लगी आग पेट्रोल टंकी तक नहीं पहुंची नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। शहर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल प्रभाव से पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे। उसके बाद फायर विकेट की गाड़ियों को फोन किया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी कड़ी मेहनत के बाद ऑटो में लगी आग को बुझा पानी में कामयाब रहे। इसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। बड़ा हादसा होने से टल गया है।

# किशोर को बंधक बनाकर प्राइवेट पार्ट में लगाया मिर्ची पाउडर

## ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने का था शक, 3 आरोपियों पर एफआईआर

जेवर। जेवर में चोरी के शक में बंधक बनाकर दो नाबालिग किशोर के प्राइवेट पार्ट में मिर्ची पाउडर लगाकर प्रताड़ित करने का मामले सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार की देर रात पुलिस ने इस मामले में पीड़ित परिवार की शिकायत पर तीन आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि जेवर क्षेत्र में रहने वाले मोर पाल नाम की व्यक्ति के ई-रिक्शा से कुछ दिन पहले बैटरी चोरी हो गई थी। उसको शक है कि उनके पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग किशोर ने इस घटना को अंजाम दिया है।

जिसके चलते उसने मंगलवार की शाम दोनों किशोर को बहाने से अपने पास बुलाया। उनके कपड़े उतार कर उनके प्राइवेट पार्ट में मिर्च का पाउडर लगा दिया। जिसका वीडियो भी आरोपी द्वारा बनाया गया।

इस दौरान दोनों किशोर चिल्लाते रहे। लेकिन आरोपियों को उन पर रहम नहीं आया। इस दौरान काफी ज्यादा भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ भी तमाशा देखती रही। साथ ही आरोपी दोनों के साथ मिर्ची पाउडर लगाकर उसकी प्रताड़ित करते रहे।

### पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर कार्रवाई

बाद में किशोरों की हालत खराब होने पर परिवार के लोगों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका भी इलाज चल रहा है। सोशल मीडिया पर जब यह वीडियो वायरल हुआ तो मामला पुलिस के आला अधिकारी तक पहुंचा। जिसके बाद पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोहरपाल, उत्तम और विशाल के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी जेवर मनोज कुमार का कहना है कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस तलाश में जुटी हुई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# ग्रामप्रधान ने कार से स्कूली बच्चों को रौंदा, 8 घायल

गोरखपुर। गोरखपुर में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। ग्राम प्रधान लाल बचन की लापरवाही से कई बच्चे दुर्घटना के शिकार हो गए। स्कूल परिसर में कार सीख रहे ग्राम प्रधान ने कंपोजिट स्कूल परिसर में पढ़ने वाले 8 बच्चों को रौंद दिया, जिससे सभी घायल हो गए।

घटना खोराबार इलाके के रामपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर की है। घटना से गांव में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई है। सभी बच्चों को CHC खोराबार में ले जाया गया है। जहां से डॉक्टरों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इनमें कुछ बच्चों का जिला अस्पताल में तो कुछ का प्राइवेट अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जिनमें दो बच्चों की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पाते ही डीएम कृष्णा करुणेश, स्स्क डॉक्टर गौरव ग्रोवर समेत तमाम अफसर और मेडिकल टीम और एंबुलेंस के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए। अधिकारियों ने घायल बच्चों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को बच्चों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। वहीं, स्क्क सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कंपोजिट विद्यालय पहुंचकर घटनास्थल का भी जायजा लिया।

एसपी सिटी ने बताया, पुलिस ने ग्राम प्रधान को हिरासत में लेते हुए उसकी कार को कब्जे में ले लिया है। ड्राइविंग ना आते हुए ग्राम प्रधान की लापरवाही से यह हादसा हुआ, बच्चों के परिजनों की तहरीर पर ग्रामप्रधान के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों बच्चों के मुताबिक, बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे खोराबार इलाके के रामपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय में शौचालय की टंकी बन रही है। रामपुर डांढ़ी गांव प्रधान स्कूल में लालबचन निषाद खुद अपनी देखरेख टंकी का निर्माण करा रहा था। इस दौरान ग्राम प्रधान का बेटा अपनी ब्रेजा कार से मीड-डे-मील का खाना लेकर स्कूल पहुंचा।

### आजमगढ़ में रेप का आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने रेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता ने जिले के जीयनपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि आरोपी मुकेश राजभर ने छेड़खानी करने के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। इसके साथ ही आरोपी जान से मारने की धमकी देकर रेप की घटना को अंजाम देता है। लोकलाज के कारण पहले तो पीड़िता सहती रही। अंत में इस मामले में पुलिस से ही शिकायत करना बेहतर समझा। पीड़िता की इस शिकायत पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया। मेडिकल में रेप की पुष्टि होते ही आरोपी की तलाश में जुट गई। इसी क्रम में आरोपी की गिरफ्तारी की गई। इस मामले की विवेचना कर रहे जीयनपुर के प्रभारी विवेक पांडेय आरोपी की तलाश में जुटे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी अमुवारी पेट्रोल पंप के पास है। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### रघुराम राजन ने देश की जीडीपी में तेज वृद्धि का श्रेय बुनियादी ढांचा पर खर्च को दिया

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेज वृद्धि का श्रेय बुनियादी ढांचा पर खर्च और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अच्छे प्रदर्शन को दिया है। राजन ने कहा कि भारत की वृद्धि दर मजबूत होने के बावजूद निजी निवेश और निजी उपभोग में तेजी नहीं आई है। उन्होंने कहा, अगर आप देखें कि हमने इस साल इतना अच्छा प्रदर्शन क्यों किया तो इसका एक कारण यह भी है कि दुनिया अच्छा कर रही है। इसके अलावा पहली छमाही में इस मजबूत वृद्धि का एक अन्य कारण बुनियादी ढांचे पर सरकार का जबरदस्त खर्च है। जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक 7.6 प्रतिशत रहने के साथ भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार रखा है। स्थिर मूल्य (2011-12) पर अप्रैल-सितंबर 2023-24 (2023-24 की पहली छमाही) में जीडीपी 82.11 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान अवधि के 76.22 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 2023-24 की पहली छमाही में 7.7 प्रतिशत ज्यादा है। 2022-23 की पहली छमाही में यह 9.5 प्रतिशत थी।

### फॉक्सकॉन भारत में एपल के उत्पाद बनाने के लिए और एक अरब डॉलर का करेगा निवेश

नई दिल्ली। फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने भारत में अपने नए जा रहे अपने एक संयंत्र में कम से कम एक बिलियन डॉलर का निवेश करने की मंजूरी हासिल कर ली है। इस संयंत्र में एपल के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। यह संयंत्र चीन से अलग एक हब बनाने की कंपनी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्थापित किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से बताया गया है कि दुनिया की सबसे बड़ी आईफोन असेंबलर ने बेंगलुरु हवाई अड्डे के पास 300 एकड़ की साइट के लिए पहले निर्धारित 1.6 अरब डॉलर के अलावा उक्त राशि को खर्च करने की योजना बनाई है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि फॉक्सकॉन के संयंत्र में एपल के डिवाइसेस को विकसित करने की अतिरिक्त क्षमता होगी, इन डिवाइसेस में संभवतः आईफोन भी शामिल होगा। हाल ही में अनुमोदित खर्च के अलावे ताइवानी फर्म ने संयंत्र की स्थापना के लिए लगभग 2.7 अरब डॉलर अलग रखे हैं जो कंपनी को भारत में अपनी विनिर्माण क्षमताओं का केंद्र बिंदु स्थापित करने में मदद करेगी। बता दें कि हाल के दिनों में फॉक्सकॉन और उसके जैसी अन्य कंपनियां चीन दूर अपनी क्षमताओं के विस्तार की योजना पर कर रही हैं क्योंकि चीन अमेरिका मंदी में फंसा हुआ है और अमेरिका के साथ भी उसका तनाव चल रहा है।

### बिटकॉइन घोटाले से जुड़े मामले सीबीआई को भेजने के निर्देश, राउज एवेन्यू कोर्ट में चलेगा ट्रायल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि बिटकॉइन घोटाले के संबंध में दायर सभी एफआईआर को समेकित किया जाना चाहिए और उन्हें जांच के लिए सीबीआई को भेज दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि इस मामले में मुकदमा दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में चलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी घोटाले से संबंधित कई प्राथमिकियों को आगे की जांच और आरोपपत्र दाखिल करने के लिए सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि इन मामलों की सुनवाई नई दिल्ली के राउज एवेन्यू स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में की जाए। पीठ ने 45 से अधिक प्राथमिकियों में आरोपियों को अग्रिम जमानत देने के अपने 30 अगस्त, 2019 के आदेश में संशोधन किया और कहा कि यह अब लागू नहीं है। पीठ ने कहा कि अगर किसी अन्य अदालत से आरोपी को नियमित जमानत नहीं मिलती है तो उसे दिल्ली उच्च न्यायालय से जमानत लेनी होगी। अदालत ने कहा कि अग्रिम जमानत देने की पूर्व शर्त के तौर पर आरोपी की ओर से शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में जमा कराई गई एक करोड़ रुपये की राशि को दिल्ली की निचली अदालत में स्थानांतरित किया जाए।

### धारावी पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ विपक्ष के नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के सदस्यों ने धारावी पुनर्विकास मुद्दे पर बुधवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हमला बोला और उस पर अदाणी समूह का पक्ष लेने और झुग्गी बस्ती के निवासियों को अधर में छोड़ देने का आरोप लगाया। धारावी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली मुंबई कांग्रेस प्रमुख वर्षा गायकवाड़, विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे और विपक्षी दलों के अन्य विधायकों ने विधान भवन की सीढ़ियों पर इस मुद्दे पर नारेबाजी की। इस दौरान नेताओं ने धारावी वचवा, लघु उद्योग वचवा (धारावी बचाओ, लघु उद्योग बचाओ) के नारे लगाए। देश की आर्थिक राजधानी के मध्य भाग में स्थित धारावी कई छोटे पैमाने पर, असंगठित उद्योगों का केंद्र है जो दवाओं, चमड़े, जूते, कपड़े और अन्य चीजों का निर्माण करते हैं। इसे एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक के रूप में जाना जाता है। सरकार ने 259 हेक्टेयर की धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए सबसे ऊंची बोली प्रदाता के रूप में सामने आने बाद, अदाणी प्रॉपर्टीज को पिछले साल नवंबर में परियोजना सौंपी थी। इस परियोजना में कथित तौर पर 20,000 करोड़ रुपये के राजस्व की संभावना है, जिसमें धारावी झुग्गी का पुनर्निर्माण शामिल है।

### श्रीलंका को फिर मिली आईएमएफ से सहायता

कोलंबो। श्रीलंका पिछले कुछ साल से कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। देश में आर्थिक संकट के कारण भोजन, बिजली और ईंधन की कमी हो गई है। पिछले साल श्रीलंका अपने कर्ज चुकाने के दायित्वों से चूक गया, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ उसे तीन अरब यूरो का बेलआउट सौदा करना पड़ा था। अब एक बार फिर देश ने आईएमएफ की ओर सहायता की नजर से देखा है। इसी को लेकर आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने श्रीलंका के साथ 48 महीने की विस्तारित कोष सुविधा के तहत पहली समीक्षा पूरी कर ली है। साथ ही फैसला लिया है कि नकदी संकट से जूझ रहे देश को व्यापक आर्थिक व ऋण स्थिरता बहाल करने के लिए करीब 33.7 करोड़ डॉलर की सहायता दी जाएगी। श्रीलंका के वरिष्ठ मिशन प्रमुख पीटर ब्रेउर ने बताया कि आईएमएफ द्वारा 2.9 अरब डॉलर जारी करने की पहली समीक्षा को समाप्त करने के लिए चीन के साथ ऋण पुनर्गठन का काम बहुत ही गोपनीय आधार पर किया गया। श्रीलंका ने चीन से काफी कर्ज लेकर रखा है। उसे अपने कुल ऋण का 52 प्रतिशत हिस्सा चीन को देना है। ब्रेउर ने मंगलवार को बताया, सैद्धांतिक रूप से चीनी समझौता श्रीलंका की ऋण पुनर्गठन वार्ता के लिए बेहद अच्छी खबर है।

### देश के अमीरों की सूची में पांचवें नंबर पर पहुंचीं सावित्री जिंदल, प्रेमजी से आगे निकलीं

नई दिल्ली। भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल अब दौलत के मामले में विप्रो के मालिक अजीम प्रेमजी से आगे निकलते हुए सातवें नंबर से पांचवें नंबर पर आ गई हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार जिंदल ग्रुप की अध्यक्ष सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 25 अरब डॉलर तक पहुंच गई। पिछले दो साल में ही उनकी दौलत में भारी इजाफा हुआ। वहीं इस दौरान अजीम प्रेमजी की संपत्ति में 42 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। असम के तिनसुकिया में 20 मार्च 1950 को सावित्री जिंदल का जन्म हुआ था। उनका विवाह 1970 में जिंदल ग्रुप के संस्थापक ओमप्रकाश जिंदल से हुई थी। उनके 9 बच्चे हैं। जब वे 55 साल की थीं, तब हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उनके पति की मौत हो गई थी। ओम प्रकाश जिंदल हरियाणा सरकार में मंत्री भी रहे थे। पति की मौत के बाद उन्होंने पूरा कारोबार संभाला। भारत के सबसे रईस लोगों की सूची में विप्रो के मालिक अजीम प्रेमजी कभी पहले नंबर पर थे। लेकिन पिछले वर्षों में उनकी नेटवर्थ में बड़ी कमी दर्ज की गई। पिछले दो वर्षों में कंपनी के शेयर में 42 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

# मोदी की गारंटी के साथ पूर्वोत्तर बन रहा आर्थिक पावरहाउस : सोनोवाल

नयी दिल्ली। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज यहां पूर्वोत्तर को भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा का पावरहाउस बताते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के साथ आर्थिक विकास का साक्षी बन रहा है।

सोनोवाल ने आज यहां 2014 से पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के संबंध में संवाददाता सम्मेलन में पूर्वोत्तर भारत को भारत की विकास गाथा में सबसे आगे लाने में प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसमें निरंतर शांति और सुरक्षा के प्रति ईमानदार और ठोस प्रयास, सीमांत वर्गों के उत्थान के लिए केंद्रित दृष्टिकोण शामिल है। उन्होंने कहा कि समाज उन्हें सम्मान का जीवन जीने दे, व्यापार और वाणिज्य की समृद्धि के लिए एक सकारात्मक वातावरण को सक्षम करने वाली नवीन नीतिगत रूपरेखा के कारण 2014 के बाद से पूर्वोत्तर का ऐतिहासिक उत्थान हुआ। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के गतिशील नेतृत्व के तहत, पूर्वोत्तर भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा का पावर हाउस है। पिछले 9 वर्षों में पूर्वोत्तर ने जिस परिवर्तनकारी कनेक्टिविटी का अनुभव किया है, उसे देखते हुए यह क्षेत्र अब व्यापार और वाणिज्य का संभावित केंद्र बन गया है। मोदी ने पूर्वोत्तर के रणनीतिक महत्व को महसूस किया और आसियान, बीबीआईएन समूह के देशों के साथ आशाजनक वाणिज्य के साथ आर्थिक पुनरुत्थान का माहौल बनाया।

क्षेत्र में निरंतर विकास के लिए शांति प्रयासों पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा पूर्वोत्तर के भाइयों से अत्यंत सम्मान के साथ और राष्ट्र निर्माण में समान भागीदार के रूप में उनके प्रति गहरी स्वीकृति की भावना के साथ मिले हैं। उनके इस मानवीय दृष्टिकोण के कारण, उग्रवाद में भारी कमी आई है, जिससे 2023 में नागरिक हताहतों की संख्या में लगभग 100 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले नौ वर्षों में 8,000 से अधिक उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (एएफएसपीए) को कम करने के एक ठोस प्रयास के कारण त्रिपुरा और मेघालय से इसे पूरी तरह



वापस ले लिया गया है, असम, नागालैंड और मणिपुर में अधिनियम के तहत क्षेत्र में उल्लेखनीय कमी आई है। बोडो, नागा, कार्बी, त्रिपुरी और ब्रू एवं आदिवासियों के साथ ऐतिहासिक शांति समझौते के साथ, असंतुष्ट समुदायों को बातचीत के माध्यम से मुख्यधारा में लाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप स्थायी शांति प्राप्त हुई है जिसकी क्षेत्र दशकों से उम्मीद और चाहत कर रहा था। यह %मोदी की गारंटी है क्योंकि सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के लिए दशकों पुराने मतभेदों को गरिमा और सम्मान के साथ संबोधित किया गया। इससे न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है, बल्कि रोजगार के लिए प्रवासन में भी कमी आई है और विकास को बढ़ावा मिला है। दूसरा परिणाम यह है कि असम के अलावा अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय तक रेलवे लाइनें पहले से ही पहुंच जाने से पूर्वोत्तर और अन्य राज्यों के बीच यात्रा का समय कम हो गया है। आजादी के 75 वर्षों के बाद से, क्षेत्र के लिए और भीतर परिवर्तनकारी परिवहन लाना नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व के पिछले नौ वर्षों में ही संभव हो सका है। प्रधान मंत्री बनने के बाद से श्री मोदी ने 64 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है, जो भारत के किसी भी प्रधान मंत्री के लिए अब तक का एकमात्र उदाहरण और उच्चतम है। यह पूर्वोत्तर के लोगों को मुख्यधारा में लाने और 2047 में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय सदस्य बनाने की मोदी जी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सोनेवाल ने कहा कि प्रधान मंत्री द्वारा अक्टूबर, 2022 में एनईआर के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ नई लॉन्च की गई पीएम-डिवाइन योजना, 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि के लिए 6,600 करोड़ रुपये का कुल परिव्यय है। वित्त वर्ष 2022-23 में 1,503 करोड़ रुपये की 11 परियोजनाओं को मंजूरी के लिए चुना गया है। इससे इस क्षेत्र के लिए जबरदस्त अवसर खुले हैं। इसके साथ ही प्रधान मंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई %एक्ट ईस्ट पॉलिसी% के साथ सरकार के निवेश और विकास पहलों से प्रेरित महत्वपूर्ण प्रगति देखी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जलमार्गों के विकास पर 1,040 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप एनईआर में 20 जलमार्गों का संचालन शुरू हुआ है, जो 2014 तक केवल %एक% था। पिछले 9 वर्षों में की गई पहल के साथ, कार्गो को भारत बंगलादेश प्रोटोकॉल मार्ग (आईबीपीआर) के माध्यम से प्रबंधित किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि एनईआर में 208 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पहली जहाज मरम्मत सुविधा, ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे पांडु में हुगली-कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (एचसीएसएल) के माध्यम से विकसित की जा रही है। इस वर्ष, ब्रह्मपुत्र में क्रूज पर्यटन के एक प्रमुख विकास के रूप में, एमवी गंगा विलास ने बंगलादेश के रास्ते वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक 51 दिनों में लगभग 3,200 किलोमीटर की यात्रा करके दुनिया का सबसे लंबा नदी क्रूज मार्ग पूरा किया। इसके अलावा, असम में कुरुआ, बहारी, धुबरी, गुइजान, घगोर और मटमोरा में 310 करोड़ रुपये की लागत से 6 नौका टर्मिनलों का विकास यात्रियों की परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करेगा, जिससे परिवहन की मौजूदा बाधाएं कम हो जाएंगी। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने अपने सागरमाला कार्यक्रम के तहत, उत्तर-पूर्व राज्यों के विकास के लिए 1,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं शुरू की हैं।

# होम डेकोर पर केंद्रित ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा में शुरू

ग्रेटर नोएडा। स्प्रिंग समर 2024 में होम प्रोडक्ट की बढ़ती मांग की उम्मीदों के साथ रिटेलर , मैन्यूफैक्चरर्स और प्रमुख ब्रांड एक बार फिर भविष्य की कारोबारी संभावनाओं पर चर्चा के लिए ट्रेड शो एचजीएच इंडिया में एक मंच पर आए हैं। एचजीएच इंडिया एक अर्धवार्षिक ट्रेड शो है, जिसमें भारतीय बाजार के लिए होम टेक्सटाइल, होम डेकोर, होम फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स प्रदर्शित किए जाते हैं। एचजीएच इंडिया के 14वें संस्करण का आयोजन 13 से 16 दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में किया जा रहा है। इस बार ट्रेड शो में करीब 400 भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड एवं मैन्यूफैक्चरर्स हिस्सा ले रहे हैं। भारत के 600 शहरों एवं कस्बों से तथा अन्य देशों से 30 हजार से ज्यादा रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, चैनल पार्टनर्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और आर्किटेक्ट्स के इस ट्रेड शो में पहुंचने का अनुमान है। 14वें संस्करण का उद्घाटन डेवलपमेंट कमिश्नर (हैंडीक्राफ्ट्स)




ऑफिस में वरिष्ठ निदेशक सोहन झा ने किया। श्री झा ने कहा कि इस सेक्टर में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से 60 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला हुआ है। वर्तमान समय में 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य के हस्तनिर्मित उत्पादों का निर्यात होता है। इस उद्योग के साथ देश की सामाजिक, धार्मिक और पारंपरिक भावनाएं जुड़ी हुई हैं। हर साल इस सेक्टर पर भारत सरकार करीब 500 करोड़ रुपये खर्च करती है और राज्य सरकारें भी करीब इतना ही व्यय करती हैं। भारत सरकार कारीगरों और स्थानीय हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को सहयोग प्रदान करती है। हमें खुशी है कि एचजीएच इंडिया जैसे प्लेटफॉर्म भारत की इस विरासत को समर्थन प्रदान कर रहे हैं।

टेक्सजोन इन्फॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरुण रूंगटा ने कहा कि विगत वर्षों में उद्योग, व्यापार एवं सरकार के सभी पक्षों की ओर से एचजीएच इंडिया को लगातार मिले समर्थन की हमें खुशी है। इस समर्थन के दम पर हम एचजीएच इंडिया को एक अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के रूप में स्थापित करने में सफल हुए हैं। अगले एक दशक में इस सेक्टर में मांग में सालाना 20 प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान है। सात प्रतिशत की मौजूदा आर्थिक विकास दर को देखते हुए स्थिति और भी बेहतर हो सकती है। एचजीएच इंडिया के हर संस्करण के साथ ब्रांड्स एवं मैन्यूफैक्चरर्स का बढ़ता समर्थन उत्साह बढ़ाने वाला है। स्प्रिंग समर 2023 एडिशन का मुख्य आकर्षण इटैलियन पैवेलियन है। एचजीएच इंडिया में लगातार तीसरी बार इटैलियन पैवेलियन देखने को मिल रहा है। इसमें इटली की पांच कंपनियां फर्नीचर, कॉफी मेकर, ग्लास एक्सेसरीज और पूरी तरह कस्टमाइज किए जा सकने वाले मॉड्यूलर सिस्टम प्रदर्शित कर रही हैं। एचजीएच इंडिया में पूर्वोत्तर से 25 कारीगरों, बुनकरों एवं शिल्पकारों का समूह भी हिस्सा ले रहा है। उनके कुशन कवर, बेड कवर, केन एवं बांस से बने फर्नीचर, स्टोरेज बास्केट और डेकोरेटिव एक्सेसरीज, लैंप्स आदि लोगों को लुभा रहे हैं। कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भी 10 एक्जीबिटर्स के समूह द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित कर रहा है।

## जीपीएआई समिट : एआई के भविष्य को आकार देने पर बनी सहमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने बुधवार को बताया कि जीपीएआई समिट में एआई के भविष्य को आकार देने पर सहमति बनी है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि जीपीएआई के 29 देशों के मंत्रिस्तरीय परिषद की बैठक में करीब साढ़े चार घंटे के मंथन के बाद सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणा पत्र को स्वीकार किया गया।

उन्होंने कहा कि हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर एवं अन्य क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के एप्लीकेशन तैयार करने के लिए साझेदार देशों के बीच नवाचारी और सहयोगी एआई बनाने पर सहमति बनी।

इससे पहले आईटी राज्यमंत्री यहां भारत मंडपम में आयोजित तीन दिवसीय ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई सुनिश्चित करने में सरकार की भूमिका' विषय पर एक फायरसाइड चैट में बोल रहे थे, जिसमें जापान के नीति समन्वय उपमंत्री श्री हिरोशी योशिदा और ब्रिटेन के एआई और बौद्धिक संपदा मंत्री श्री जोनाथन कैमरोज ने हिस्सा लिया।

श्री चन्द्रशेखर ने एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों की चुनौतियों से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि एआई जैसी अद्यतन एवं उन्नत प्रौद्योगिकी के गलत इस्तेमाल से संभावित नुकसान और आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए रेगुलेटरी फ्रेमवर्क तैयार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''भारत सरकार का लक्ष्य एआई जैसी उभरती तकनीक के दुरुपयोग पर रोक लगाना है और इससे जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक फ्रेमवर्क पर काम किया जाएगा।

# एआई आधारित हेयर ट्रीटमेंट की शुरूआत

नयी दिल्ली। होम्योपैथिक क्लिनिक का नेटवर्क संचालित करने वाली कंपनी डॉ. बत्राज़ हेल्थकेयर ने बालों की समस्याओं के लिए एआई आधारित हेयर ट्रीटमेंट की शुरूआत करने की आज घोषणा की।

कंपनी के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अक्षय बत्रा ने इसे लाँच करने की घोषणा करते हुये कहा कि यह आधुनिक, वैज्ञानिक और पूर्वानुमानित उपचार एआई की क्षमताओं का उपयोग करता है। यह विभिन्न क्षेत्रों में सफल उपचार प्राप्त कर चुके 15 लाख लोगों के एक व्यापक डेटाबेस से जानकारी प्राप्त करता है। ऐसा सिर की त्वचा की समस्याओं के सटीक विश्लेषण और सर्वोत्तम संभावित परिणामों वाले व्यक्तिगत उपचार बताने के लिए होता है। एआई हेयर प्रो बालों के झड़ने बढ़ने की भविष्यवाणी भी कर सकता है, ताकि सही समय पर हस्तक्षेप किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इस हेयर डायग्नोस्टिक टूल में दो हाई-डेफिनिशन कैमरे हैं। इन कैमरों में चार तरह की मेडिकल-ग्रेड लाइट्स होती हैं, जो उन छिपी हुई विकृतियों का पता लगा सकती हैं जिन्हें सामान्य आँखों से नहीं देखा जा सकता। यह सिर की त्वचा की विभिन्न स्थितियों के बीच अंतर भी कर सकता है। 300 गुना मैग्निफिकेशन के साथ, यह बालों के घनत्व, मोटाई और बाल झड़ने के 40 प्रकारों के बीच अंतर का सटीक मूल्यांकन सुनिश्चित करता है। ये व्यक्तिगत उपचार होम्योपैथी के विज्ञान को बाल बढ़ाने की अंतरराष्ट्रीय तकनीकों के साथ जोड़ते हैं। एआई विश्लेषण के आधार पर व्यक्तिगत उपचार तैयार किए गए हैं, जैसे कि एआई न्यू हेयर बूस्टर, एआई एसटीएम बूस्टर। ये बालों की स्वस्थ वृद्धि के लिए हैं। एआई हेयर प्रो सबसे तेज, सबसे सटीक और व्यक्तिगत परिणाम सुनिश्चित करता है, जिससे बेहतर परिणाम मिलते हैं।

उन्होंने कहा हम एआई हेयर प्रो की पेशकश करते हुए रोमांचित हैं। यह भारत में पहली बार आई एडवांस्ड एआई टेक्नोलॉजी है। इसका लक्ष्य है बालों की समस्याओं से जूझ रहे लोगों को फायदा पहुंचाना। अत्याधुनिक वैश्विक तकनीक को समय की परीक्षा पर खरी, होम्योपैथी की 250 साल पुरानी परंपरा से मिलाकर हमें अपने मरीजों को बेहतर परिणाम देने का यकीन है। उन्होंने कहा कि यह अभिनव प्रणाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करती है।

## जीवाश्म ईंधन से दूर जाने से जुड़े समझौते को किया गया स्वीकार

नई दिल्ली। जीवाश्म ईंधन से दूर जाने से जुड़े ऐतिहासिक समझौते ग्लोबल स्टॉकटेक टेक्स्ट को बुधवार को दुबई में वार्षिक जलवायु वार्ता सीओपी28 के अंतिम सत्र में बिना किसी आपत्ति के स्वीकार कर लिया गया। सीओपी 28 के अध्यक्ष सुल्तान अल-जबर ने जब समझौते को मंजूरी दी तो कमरा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दुबई जलवायु वार्ता के मूल पाठ में पेरिस समझौते और उनकी विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों, मार्गों और दृष्टिकोणों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में गहरी, तेज और निरंतर कमी का आह्वान किया गया। हालांकि, पिछले संस्करणों के विपरीत इस बार के समझौते में नए और निर्बाध कोयला बिजली उत्पादन की अनुमति को सीमित करने के संदर्भों का अभाव है। यह कमी भारत और चीन जैसे देशों जो कोयले पर बहुत ज्यादा निर्भर देश हैं के लिए झटके की तरह है। समझौते को स्वीकार करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए, सुल्तान अल-जबर ने कहा कि यह एक मजबूत कार्य योजना है जिसमें 1.5 डिग्री को पहुंच के भीतर रखने की योजना है। उनके अनुसार यह एक संतुलित योजना है जो उत्सर्जन से निपटती है, अनुकूलन पर अंतर को कम करते हुए वैश्विक वित्त की फिर से कल्पना करती है और नुकसान और क्षति को पूरा करती है।


# शेयर बाजार में मामूली बढ़त

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के नीतिगत दरों पर आने वाले निर्णय से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, ऑटो, रियल्टी और सर्विसेज समेत चौदह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में बढ़त रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.57 अंक बढ़कर 69584.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.95 अंक उठकर 20926.35 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.06 प्रतिशत उछलकर 35,842.24 अंक और स्मॉलकैप 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 41,583.77 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3890 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2179 लाभ जबकि 1597 नुकसान में रहे वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 19 में गिरावट रही।

बीएसई के 14 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.53, सीडी 0.85, एफएमसीजी 0.68, वित्तीय सेवाएं 0.16, हेल्थकेयर 1.05, इंडस्ट्रियल्स 1.00, यूटिलिटीज 1.33, ऑटो 1.17, कैपिटल गुड्स 1.23, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.45, धातु 0.62, पावर 1.25, रियल्टी 1.45 और



सर्विसेज समूह के शेयरों में 1.50 प्रतिशत की तेजी रही।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रह। ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.17 और जापान का निक्केई 0.25 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.89 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.15 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 98 अंक की तेजी के साथ 69,648.56 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर बाद 69,100.56 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 69,657.93 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 69,551.03 अंक के मुकाबले 0.05 प्रतिशत बढ़कर 69,584.60 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 23 अंक उठकर 20,929.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,769.50 अंक के निचले जबकि 20,950.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,906.40 अंक की तुलना में 0.10 प्रतिशत की बढ़त लेकर 20,926.35 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की एनटीपीसी 3.69, पावरग्रिड 2.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.02, एलटी 1.70, सन फार्मा 1.24, एसबीआई 1.22, टाइटन 0.99, टाटा स्टील 0.92, टाटा मोटर्स 0.69, इंडसइंड बैंक 0.65, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.55, आईटीसी 0.55, मारुति 0.44, भारती एयरटेल 0.42, एशियन पेंट 0.40, रिलायंस 0.39, नेस्ले इंडिया 0.19 और कोटक बैंक 0.14 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टीसीएस 2.13, इंफ़ोसिस 1.84, एक्सिस बैंक 1.42 बजाज फिनसर्व 1.29, अल्ट्रासिमको 1.25, बजाज फाइनेंस 0.81, टेक महिंद्रा 0.79, विप्रो 0.60, एचसीएल टेक 0.48, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.46, आईसीआईसीआई बैंक 0.27 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.18 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

# एमउएम पानीपत में 2700 करोड़ रुपये की परियोजना घोषित की

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट डेवलपर एम3एम ने हरियाणा में पानीपत में एक परियोजना में 2700 करोड़ रुपये के निवेश की योजना की बुधवार को घोषणा की।

एम3एम की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह परियोजना 333 एकड़ भूमि में फैली है और इसे'सिटि ऑफ ड्रीम्स'प्रोजेक्ट नाम से विकसित किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि यह हाल के दिनों में रियल एस्टेट क्षेत्र के विकास के लिए मिलने वाला सबसे बड़ा लाइसेंस है। एम3एम इंडिया के अध्यक्ष सुदीप भट्ट ने कहा, पानीपत में यह परियोजना कंपनी की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है और हम इसे उत्तरी भारत में सबसे यादगार टाउनशिप के रूप में विकसित करने की उम्मीद कर रहे हैं। हमें रियल्टी क्षेत्र में प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स के माध्यम से राज्य की आर्थिक समृद्धि के लिए हरियाणा सरकार के साथ साझेदारी करने पर गर्व है।इस परियोजना में विभिन्न आकार के 2100 से अधिक भूखंड, 400 विस्तार योग्य विला, 3000 लक्जरी फ्लोर्स और 150 फार्म हाउस विकसित किए जा रहे हैं। इसके परिसर में सभी नागरिक सुविधाओं के अलवा पूजा स्थल, रिटेल स्पेस, क्लीनिक, स्कूल, मंदिर, क्रिकेट मैदान भी होंगे।

कंपनी ने कहा है कि वह इस कंपनी इस परियोजना से 5000 करोड़ रुपये की बिक्री की उम्मीद कर रही है।

## एसएन गुप्ता बने सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी

नयी दिल्ली। भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के 1992 बैच के अधिकारी एसएन गुप्ता ने सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उत्पादक उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का पदभार ग्रहण किया है। सेल की बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार गुप्ता के पास विभिन्न तकनीकी और क्षमता निर्माण कार्यों में लगभग 30 वर्षों का व्यापक अनुभव है। वर्ष 1992 बैच में आईटीएस में प्रवेश करने के बाद, उन्होंने एक्सचेंज इंस्टालेशन, फील्ड ऑपरेशंस, मोबाइल ऑपरेशंस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण में विशेषज्ञता के साथ 23 साल से अधिक समय बिताया है। श्री गुप्ता ने पांच वर्षों तक केंद्रीय सतर्कता आयोग में निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में भी दो साल काम किया जहां उन्होंने खेल प्रशासन में पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नई दिल्ली
गुरुवार 14 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### दिव्यांग जूडो खिलाड़ी पूनम होंगी जिला स्कूल सुरक्षा समिति की ब्रांड एम्बेसडर

सिरसा। हरियाणा के सिरसा जिले के उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बुधवार को अपने कार्यालय में आरकेजे श्रवण एवं वाणी निशक्त कल्याण केंद्र की अध्यापिका जूडो खिलाड़ी पूनम को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन का खिताब मिलने पर उन्हें बधाई दी और सम्मानित किया। पूमन 2016 से जूडो खेल रही हैं, इस दौरान उन्होंने छह नेशनल व 15 जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। गत तीन दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन का खिताब दिया गया था। उपायुक्त ने कहा कि पूनम को सिरसा जिला की 'स्कूल सेफ्टी ब्रांड एम्बेसडर' बनाया जाएगा। पूनम ने सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन का खिताब हासिल करके यह साबित कर दिया है कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए किसी भी प्रकार की बाधा हमें नहीं रोक सकती। पूनम को सिरसा जिला के सभी स्कूलों में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाने के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे आज यौन शोषण पर जिला के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन बात कर रहे थे।

### बस्ती में सांसद खेल महाकुम्भ में चार लाख से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

बस्ती । उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ के तीसरे सत्र में इस बार चार लाख से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एंव बस्ती लोकसभा क्षेत्र से सांसद हरीश द्विवेदी ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से ग्रामीण पृष्ठभूमि के खेलों तथा खिलाड़ियों को बड़ा मंच देने की कवायद के तहत शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महाकुम्भ के तीसरे सत्र का आयोजन 20 से 29 दिसम्बर के बीच किया जायेगा जिसमे चार लाख से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होने बताया कि महाकुंभ में 20 से अधिक प्रकार के खेलों का आयोजन होगा। पिछली बार खो-खो और कबड्डी में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों द्वारा इस बार राज्य स्तरीय खेलों में खेलने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे करेंगे।

### पुलिस कुशल खिलाड़ी भर्ती में लॉन टेनिस, हैंडबॉल को शामिल करने की मांग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ (यूपीओए) ने पुलिस में कुशल खिलाड़ियों की हो रही भर्ती के लिये जारी सूची में लॉन टेनिस, हैंडबॉल व सॉफ्ट टेनिस को जगह देने की मांग की है। यूपी पुलिस में कुशल खिलाड़ियों की भर्ती के लिये एक दिन पूर्व विभिन्न खेलों में 546 पदों पर आवेदन मांगे गये थे। इस सूची में लॉन टेनिस, हैंडबॉल व सॉफ्ट टेनिस के खिलाडियों को शामिल नहीं किया गया था। यूपीओए के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने इस संबंध में प्रमुख सचिव गृह को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित पत्र में खेल व खिलाड़ियों के हित के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश पुलिस कुशल खिलाड़ी भर्ती में लॉन टेनिस, हैंडबॉल व सॉफ्ट टेनिस को भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि हैंडबॉल एक ओलंपिक खेल है, साथ ही ऑल इंडिया पुलिस खेलों में हैंडबॉल खेल में उत्तर प्रदेश सहित देश भर की पुरुष व महिला वर्ग की टीमें हिस्सा लेती है जिनका प्रदर्शन भी उच्चस्तरीय होता है। वर्तमान में हैंडबॉल खेल की लोकप्रियता पूरे देश में है। फिलहाल उत्तर प्रदेश में हैंडबॉल खिलाड़ियों द्वारा प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित की गई है।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के लिए पाक टीम का ऐलान

पर्थ। पाकिस्तान ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के पहले मैच के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा कर दी है। टीम में दो खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। कप्तान के रूप में शान मसूद की पहली नियुक्ति में पाकिस्तान में कई बदलाव किए गए हैं, जिसमें ऑलराउंडर आमिर जमाल और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। जमाल ने एक साल पहले इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और हाल ही में एशियाई खेलों में उनका प्रतिनिधित्व किया था।, वहीं खुर्रम के लिए यह अपने देश के लिए पहली यात्रा होगी। लगभग एक साल के लंबे इंतजार के बाद, ऑलराउंडर फहीम अशरफ टेस्ट क्षेत्र में वापसी कर रहे हैं, जबकि सरफराज अहमद मोहम्मद रिजवान से पहले पाकिस्तान के विकेटकीपर की पहली पसंद बने हुए हैं। पाकिस्तान ने हाल ही में संपन्न आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए इमाम-उल-हक और अब्दुल्ला शफीक की जोड़ी को शीर्ष पर बरकरार रखा है। पूर्व कप्तान बाबर आजम चौथे नंबर पर बल्लेबाजी क्रम पर बने रहेंगे। अबरार अहमद के चोट के कारण बाहर हो जाने के कारण सलमान अली आगा को स्पिन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### प्रगनानंदा के कोच समेत सात द्रोणाचार्य के लिए नामित

नई दिल्ली। शतरंज की नई सनसनी ग्रैंड मास्टर आर प्रगनानंदा और उनकी बड़ी बहन आर वैशाली के कोच आरबी रमेश को द्रोणाचार्य अवॉर्ड केलिए नामित किया गया है। ग्रैंड मास्टर रमेश खुद शतरंज के खिलाड़ी रहे हैं और प्रगनानंदा, वैशाली की सफलता में उनका बड़ा योगदान है। रमेश के अलावा छह अन्य प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। वहीं हॉकी ओलंपियन विनीत कुमार, 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों का कांस्य जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर और एशियाई खेलों का स्वर्ण जीतने वाली कबड्डी खिलाड़ी कविता को ध्यानचंद लाइफटाइम अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत जज जस्टिस एएस खानविल्कर की अगुवाई में मंगलवार को हुई राष्ट्रीय खेल पुरस्कार की मैराथन बैठक में द्रोणाचार्य और ध्यानचंद लाइफटाइम अवॉर्ड के लिए नामों की सिफारिश की गई। बैठक बुधवार को भी जारी रहेगी, जिसमें देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कारों पर फैसला होगा। 12 सदस्यीय समिति ने द्रोणाचार्य लाइफटाइम अवॉर्ड के लिए हिरोशिमा एशियाड में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य और जाने-माने कबड्डी कोच ई भास्करन, गोल्फ में जसकीरत सिंह और टेबल टेनिस में मौमा दास समेत कई नामी खिलाडियों को तैयार कर चुके कोलकाता के जयंत कुमार के नाम की सिफारिश की है।

### एशियाई चैंपियनशिप में भी भाग नहीं लेंगी ओलंपिक पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई

नई दिल्ली। चोटिल मीराबाई चानू की वापसी में और विलंब होगा क्योंकि ओलंपिक रजत पदक विजेता यह भारोत्तालक अगले साल फरवरी में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगी। पूर्व विश्व चैंपियन चानू अब भी अक्तूबर में एशियाई खेलों के दौरान लगी 'हिप टेंडिनाईटिस' चोट से उबर रही हैं। 49 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेने वालीं चानू ने आईडब्ल्यूएफ ग्रां प्री दो में भी कोई वजन नहीं उठाया। उम्मीद थी कि वह उज्बेकिस्तान के ताशकंद में तीन से 10 फरवरी तक होने वाली एशियाई चैंपियनशिप तक फिट हो जाएंगी। चानू ने कहा, ''मैं इस बार एशियाई चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लूंगी। बल्कि मैं विश्व कप में शिरकत करूंगी।' पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन नियमों के अनुसार एक भारोत्तोलक को 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2024 विश्व कप (थाईलैंड के फुकेट में 31 मार्च से 11 अप्रैल तक) में हिस्सा लेना अनिवार्य है। इन दोनों टूर्नामेंट के अलावा एक भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 और 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप, 2023 ग्रां प्री एक और 2023 ग्रां प्री दो में से किसी तीन में हिस्सा लेना जरूरी है।

# टी20 रैंकिंग के शीर्ष में सूर्य कुमार ने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा

**सूर्य ने केवल 36 गेंदों में 56 रनों की पारी खेली और दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कुल 10 रेटिंग अंक हासिल किए**

दुबई। भारत की टी20 टीम के कप्तान और विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में उनके तेज अर्धशतक का इनाम मिला है, जिससे आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर उनकी बढ़त और बढ़ गई है। सूर्य ने केवल 36 गेंदों में 56 रनों की पारी खेली और दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कुल 10 रेटिंग अंक हासिल किए, जिससे सबसे छोटे प्रारूप में नंबर वन रैंक के बल्लेबाज के रूप में उनकी बढ़त और बढ़ गई। भारतीय स्टार के अब कुल 865 रेटिंग अंक हैं, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (787 रेटिंग अंक) और दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम 758 रेटिंग अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स भारत के खिलाफ 49 रन की पारी के बाद एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गये हैं। तिलक वर्मा ने 10 स्थान की छलांग के साथर 55वें स्थान पर और रिंकू सिंह एक साथ 46 पायदान लांघते हुये 59वें स्थान पर काबिज हुये हैं।



टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में, प्रोटियाज़ स्पिनर तबरेज़ शम्सी ने मंगलवार को खेले गये मैच में मात्र 18 रन देकर एक विकेट चटकाया था जिसकी मदद से वह दो स्थानों की बढ़त के साथ शीर्ष दस में जगह बनाने में सफल हुये हैं वहीं भारत के बाएं हाथ के गेंदबाज कुलदीप यादव उसी सूची में पांच स्थान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर पहुंच गए है। एडन मार्कराम ऑलराउंडरों की नवीनतम टी20 रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ भारत के रवींद्र जड़ेजा के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। इस सप्ताह बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक श्रृंखला के समापन के बाद नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में भी कुछ बदलाव आया है। मीरपुर में कड़े दूसरे टेस्ट के बाद मुकाबला 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। ग्लेन फिलिप्स को उस टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था और 27 वर्षीय खिलाड़ी को बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 100 के बाहर से 55वें स्थान पर चढ़कर पुरस्कृत किया गया और ऑलराउंडरों की सूची में 42 स्थानों के सुधार के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गया। कीवी गेंदबाज एजाज पटेल टेस्ट गेंदबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन और नईम हसन (पांच पायदान ऊपर 44वें) ने भी शीर्ष क्रम के गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया।

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में आस्ट्रेलिया से पहले भिड़ना होगा फायदेमंद : शान मसूद

पर्थ। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद का मानना है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के नजरिए से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज न सिर्फ रोमांचक होगी बल्कि टीम को खुद को जांचने परखने का भरपूर मौका देगी।

पाकिस्तान गुरुवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला की शुरूआत करेगा। चार साल में लाल गेंद से क्रिकेट खेलने के लिए यह पाकिस्तान का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। मैच की पूर्व संध्या पर मसूद ने पत्रकारों से कहा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में मेरी टीम कहां है, इसका आकलन करने के लिए ऑस्ट्रेलिया सबसे उपयुक्त जगह होगी। जब आप बड़ी तस्वीर के बारे में बात करते हैं, तो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप है। इसलिए हर टेस्ट मैच, हर एक अंक मायने रखता है। यह दो साल का चक्र है, इसलिए हमें कई अन्य टेस्ट मैच भी खेलने हैं। इसलिए ऑस्ट्रेलिया शुरुआत करने के लिए एकदम सही जगह है। एक टीम के रूप



में हम कहां हैं इसका आकलन करने और वहां से आगे बढ़ने के लिए यह सही जगह है। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी बार 1995 में कोई टेस्ट जीता था। तब से वे देश में लगातार 14 टेस्ट हार चुके हैं। हालाँकि, मसूद पाकिस्तान के अतीत को लेकर ज़्यादा चिंतित नहीं हैं और चाहते हैं कि उनकी टीम पूरा ध्यान ताजा श्रृखंला की तैयारी पर दे। उन्होने कहा अगर हम लगातार पांच दिनों तक अच्छा क्रिकेट खेलते हैं, तो मुझे यकीन है कि हम कुछ नतीजों के सही छोर पर होंगे। अभी हमारे लिए यह जरुरी है कि हम एक टीम के रूप में कैसे बढ़ते हैं। अगर हम लंबे समय तक सही चीजें करते हैं, तो हम सही दिशा में होंगे।

## विजय मर्चेंट ट्राफी में यूपी ने असम को पारी से हराया

बड़ौदा। खेल के हर विभाग में असम को बौना साबित करते हुये उत्तर प्रदेश की अंडर 16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्राफी के लीग मुकाबले में पारी और 275 रन से एकतरफा जीत हासिल की।

इंफीप्रो स्पोर्टस क्लब ग्राउंड में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी असम की टीम अपनी पहली पारी में मात्र 102 रन ही बना सकी जिसके जवाब में उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 547 रन बनाये और 445 रन की विशाल बढ़त अर्जित की। दवाब में बिखरी असम की टीम दूसरी पारी में भी 170 रन पर ढेर हो गयी।

यूपी की जीत में गेंदबाजों और बल्लेबाजों का बराबर का योगदान रहा। असम की पहली पारी को कम स्कोर में समेटने में कार्तिकेय वाष्णेय (तीन विकेट),अयान और अर्जुन त्यागी (दो दो विकेट) ने अहम भूमिका अदा की वहीं कप्तान माधव वशिष्ठ (266) के दोहरे तूफानी शतक ने असम के गेंदबाजों को पानी पिला दिया। उन्होने अपनी पारी के दौरान 32 बार गेंद को सीमा रेखा के पार जमीन के रास्ते और तीन बार हवा के रास्ते पहुंचाया। असम की दूसरी पारी को तहस नहस करने में कार्तिकेय वाष्णेय (चार विकेट),प्राणवीर सिंह (तीन विकेट) की भूमिका अहम रही।

## सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ने को तैयार भारतीय जूनियर

कुआलालंपुर। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत के बाद भारतीय टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में जर्मनी से पिछली सिलसिलेवार हारों का बदला लेने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने इस साल चार बार जर्मनी का सामना किया है और सभी चार मौकों पर हार गई है, उनकी आखिरी हार सुल्तान जोहोर कप 2023 के सेमीफाइनल में 3-6 से हुई थी। भारत एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप भुवनेश्वर 2021 के सेमीफाइनल में भी जर्मनी से 2-4 से हार गया। पिछले मैचों में, भारतीय टीम ने कोरिया के खिलाफ 4-2 से जीत



हासिल की लेकिन उसे स्पेन से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा हालांकि कनाडा पर 10-1 की शानदार जीत के साथ भारतीयों ने वापसी की और पूल सी में दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने एक रोमांचक क्वार्टर-फ़ाइनल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर मौजूद नीदरलैंड्स पर 4-3 से जीत हासिल की। कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, अब हम दबाव में खेलने के आदी हो गए हैं। चाहे वह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल हो या सुल्तान जोहोर कप में कांस्य पदक मैच, हमने दबाव में खेला और जीता है। यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने काम किया है। मौजूदा टीम के पांच खिलाड़ी पिछले जूनियर विश्व कप का हिस्सा थे, इसलिए हमारा अनुभव भी काम आता है।

भारतीय टीम के मुख्य कोच ने कहा, जर्मनी एक मजबूत टीम है और हमने हाल ही में सुल्तान जोहोर कप में उनका सामना किया था। हमने विश्व कप में जर्मनी सहित सभी टीमों का विश्लेषण किया है और उनके खिलाफ पिछले मैचों से मिली अतिरिक्त सीख हमें खेल से पहले अच्छी स्थिति में लाएगी। खिलाड़ी जानते हैं कि जर्मनी अपराजेय नहीं है, यह योजना को क्रियान्वित करने का मामला है। सेमीफाइनलिस्टों में एकमात्र एशियाई टीम होने के नाते, कप्तान उत्तम सिंह अच्छे प्रदर्शन के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा, टीम के हर खिलाड़ी का सपना फाइनल जीतना है और हम उस लक्ष्य के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। टीम अच्छी फॉर्म में है और कई बार उनका सामना करने के बाद हम जर्मनी की ताकत और कमजोरियों को जानते हैं। हम केवल विश्व आयोजनों में भागीदार नहीं बनना चाहते। हम इसे जीतना चाहते हैं और हम उसी प्रेरणा के साथ खेलते हैं। इसलिए हम बचे हुए समय का उपयोग मैच के लिए खुद को तैयार करने में करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हम कल जर्मनी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

# हूती मिसाइल हमले में बाल-बाल बचा भारतीय तेल टैंकर

**अमेरिका ने उनका ड्रोन मार गिराया; इजराइल को कोस रहे तुर्किये के सांसद को हार्ट अटैक**

**तेल अवीव।** इजराइल-हमास जंग के बीच हूती लगातार लाल सागर में जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इस कड़ी में आज हूती विद्रोहियों ने बाब अल-मंडेब स्ट्रेट में एक भारतीय तेल टैंकर की तरफ 2 मिसाइलें दागीं। हालांकि, वो अपने निशाने से चुक गईं। इस टैंकर पर सुरक्षा बल भी मौजूद था। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जहाज मेंगलुरु से स्वेज कैनाल जा रहा था। हमले में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। इस बीच अमेरिकी वॉरशिप ने भी अपनी तरफ आ रहे एक हूती ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। हालांकि, अब तक हूती विद्रोहियों ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### इजराइल को कोस रहे तुर्किये के सांसद को आया हार्ट अटैक

दूसरी तरफ, तुर्किये के एक सांसद को मंगलवार रात संसद में हार्ट अटैक आ गया। 53 साल के हसन बिटमेज अपने



भाषण के दौरान इजराइल को कोस रहे थे। घटना का वीडियो सामने आया है। बीबीसी के मुताबिक बिटमेज संसद में इजराइल-हमास जंग पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा था- इजराइल भगवान की नजरों, उनके गुस्से और प्रकोप से नहीं बच सकता। इतना कहते ही वो जमीन पर गिर गए। उन्हें फौरन अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

इधर, यूनाइटेड नेशन्स जनरल असेंबली में मंगलवार देर रात को गाजा में सीजफायर पर प्रस्ताव पारित हो गया। भारत ने इसके पक्ष में वोट किया।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक 193 सदस्यीय ह में श्व, सऊदी अरब समेत 153 देशों ने सीजफायर के पक्ष में वोट किया। अमेरिका, इजराइल समेत 10 देशों ने युद्धविराम के खिलाफ वोट किया। 23 देश वोटिंग में शामिल नहीं हुए।

### बाइडेन की चेतावनी- जंग पर रुख बदले इजराइल नहीं तो सपोर्ट खो देगा

इधर, रिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को चेतावनी दी। बाइडेन ने कहा- गाजा में लगातार हमले करने की वजह से इजराइल ग्लोबल सपोर्ट खो रहा है। उन्हें जंग में रुख बदलना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया तो इसका असर आने वाले समय में ठीक नहीं होगा। इस बीच नेतन्याहू ने माना की उनके अमेरिका से कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं। दरअसल, अमेरिका इजराइल पर गाजा में आम लोगों को बचाने के लिए सख्त कदम उठाने के लिए दबाव डाल रहा है। हालांकि, इजराइल इसके खिलाफ है।

### गलती नहीं दोहराएगा इजराइल

'हेयोम पोस्ट' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने मंगलवार रात एक वीडियो स्टेटमेंट जारी किया। इसमें कहा- हम जंग कैसे खत्म कर दें। हमारे नागरिकों और सैनिकों ने बेशुमार कुर्बानियां दी हैं। उन लोगों को खत्म किया जाएगा जिन्होंने हैवानियत दिखाई है। 1990 के दशक में हमने ओस्लो अकॉर्ड के रूप में एक गलती की थी।

एक समझौता किया था। अब हम इसे दोहराना नहीं चाहते। अमेरिका से कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं है। इसके बावजूद हम मदद के लिए उनके शुक्रगुजार हैं।

## ट्रेन के पटरी से उतरने से एक की मौत

ढाका। बंगलादेश की राजधानी ढाका के बाहरी इलाके गाज़ीपुर में बुधवार को एक ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार को आज तड़के लगभग चार बजे हुई। स्थानीय जॉयदेबपुर रेलवे स्टेशन के प्रमुख हनीफ अली ने पत्रकारों को बताया कि ट्रेन के पटरी से उतरने पर लगभग आठ लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, इंजन सहित ट्रेन की सात बोगियां बेपटरी होने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण राजधानी ढाका से देश के अन्य हिस्सों तक रेलवे संचार घंटों तक बाधित रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विपक्षी दलों के आंदोलन के कारण कथित तौर पर तोड़फोड़ करने वालों द्वारा गाज़ीपुर में रेलवे लाइन का एक हिस्सा तोड़ दिए जाने के बाद ट्रेन पटरी से उतर गई है। कथित तौर पर विपक्षी आंदोलन के चलते विभिन्न स्थानों पर वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आयी हैं। अक्टूबर के अंत से लगभग हर दिन ढाका और देश के विभिन्न स्थानों पर पुलिस और श्रमिकों के बीच घातक झड़पें भी हुई हैं। बंगलादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगियों ने चुनाव आयोग द्वारा देश में 12वें संसदीय चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद मंगलवार सुबह से 36 घंटे के लिए सड़कों, रेल लाइनों और जलमार्गों की देशव्यापी नाकाबंदी का आह्वान किया है।

## इक्काडोर ने बच्चों की हत्या की निंदा की

क्विटो। इक्काडोर सरकार ने मंगलवार को दक्षिण अमेरिकी देश में हिंसा की लहर के बीच दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर गुआयाकिल के गुआस्मो सूर इलाके में सोमवार रात एक सशस्त्र हमले में चार बच्चों की हत्या की निंदा की। जनरल सेक्रेटेरिएट ऑफ़ कम्युनिकेशन ने एक बयान में कहा, गुआस्मो सूर में चार बच्चों की हत्या उस क्रूरता को दर्शाती है जो ये अमानवीय हत्यारे करने में सक्षम हैं। बयान में कहा गया है कि सरकार तब तक आराम नहीं करेगी जब तक संदिग्धों को उनके अपराधों के लिए भुगतान नहीं करना पड़ता। %इस सरकार में दण्ड से मुक्ति के लिए कोई जगह नहीं होगी, न ही हम उन लोगों के आगे झुकेंगे जो हमारे समाज में आतंक और विनाश के बीज बोने की कोशिश करते हैं। राज्य अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने गोलीबारी में पांच महीने की उम्र के सबसे छोटे बच्चों की हत्या की जांच शुरू की। हमले में इनके माता-पिता घायल हो गए। गुआयाकिल पुलिस कमांडर विक्टर हेरेरा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि, प्रारंभिक जांच के अनुसार, निशाना वह परिवार नहीं था, बल्कि बगल का एक घर था। सरकार ने हिंसा के लिए मादक पदार्थों के तस्करी से जुड़े संगठित अपराध और प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच क्षेत्रीय विवादों को जिम्मेदार ठहराया है।

## गाजा पर लगातार बमबारी से इजरायल के वैश्विक समर्थन में आयी कमी : बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि गाजा पर अंधाधुंध बमबारी के कारण इजरायल के प्रति वैश्विक समर्थन में कमी देखी गयी है। बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार बाइडेन ने मंगलवार को कार्यक्रम में दानदाताओं के सामने यह टिप्पणियों की जिसे इज़राइल के नेतृत्व की अब तक की सबसे कड़ी आलोचना के रूप में माना जा रहा है। गौरतलब है कि हमास द्वारा सात अक्टूबर को हमले शुरू करने के बाद से बाइडेन ने इजरायल को समर्थन देने की पेशकश की थी और जब उन्होंने दोहराया कि इज़रायल अमेरिका के समर्थन पर भरोसा कर सकता है, तो उन्होंने उनकी सरकार को सीधी चेतावनी जारी की। वाशिंगटन में उन्होंने अपने 2024 के पुन- चुनाव अभियान पर कहा, इजरायल की सुरक्षा अमेरिका पर निर्भर हो सकती है, लेकिन अभी उसके पास यूरोपीय संघ और यूरोप तथा उसके पास दुनिया के अधिकांश देशों का समर्थन है। उन्होंने कहा, इजरायल के अंधाधुंध बमबारी से उसने वैश्विक समर्थन खोना शुरू कर दिया है। बाइडेन ने हालांकि कहा कि हमास से मुकाबला करने की उसकी क्षमता के बारे में कोई सवाल नहीं उठाता है और इज़रायल के पास ऐसा करने का पूरा अधिकार है।

## निमिषा प्रिया की मां को यमन जाने की इजाजत

**ब्लड मनी सैटलमेंट करके बेटी की जान बचाने की कोशिश करेंगी**

हत्या के आरोप में यमन की जेल में बंद निमिषा प्रिया की मां को दिल्ली हाई कोर्ट ने यमन जाने की इजाजत दे दी है। अब निमिषा की मां उसे बचाने के लिए वहां जाकर ब्लड मनी सैटलमेंट करेंगी। यानी बेटी की जान बचाने के लिए मां मारे गए शख्स के परिवार को मुआवजा देकर मामले को सुलझाने और निमिषा की सजा माफ करवाने की कोशिश करेंगी। कई इस्लामी देशों में यह कानून है कि मारे गए (हत्या के जरिए) शख्स का परिवार दोषी के परिवार से पैसा लेकर माफी दे सकता है। इसे ही ब्लड मनी कहा जाता है। अगर दोनों पक्षों में समझौता हो जाता है तो इसकी जानकारी वहां की अदालत



को एफिडेविट के जरिए देनी होती है। इसके बाद कोर्ट दोषी की सजा माफ करते हुए उसकी रिहाई का आदेश देता है। भारतीय नर्स निमिषा प्रिया 7 साल से यमन जेल में कैद है। वह केरल की रहने वाली हैं। निमिषा ने यमन में अपने बिजनेस पार्टनर की हत्या की थी। 2017 में उन्हें तलाल अब्दो मेहदी नाम के शख्स को कथित रूप से बेहोशी का इंजेक्शन देकर मारने का दोषी पाया गया था। कोर्ट ने उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट में सजा के खिलाफ अपील दायर की गई, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद से निमिषा की मां यमन जाकर उसे बचाने की कोशिशों में लगी गईं।

निमिषा की मां ने नवंबर में दिल्ली हाई कोर्ट में यमन जाने के लिए अर्जी दी थी। इसके बाद कोर्ट ने विदेश मंत्रालय को उनकी यात्रा पर विचार करने का निर्देश दिया था। 2 दिसंबर को भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि सुरक्षा के लिहाज से यमन जाना ठीक नहीं है, क्योंकि फिलहाल वहां भारतीय राजनयिक उपस्थित नहीं हैं।


## कंबोडिया में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला सामने आया

नोम पेन्ह। कंबोडिया में एक युवक मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित पाया गया, जो इस वायरस से संक्रमित दूसरा व्यक्ति है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया,नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के एक प्रयोगशाला परिणाम से मंगलवार को पता चला कि यहां के सेन सोक जिले में रहने वाला युवक (28) मंकीपॉक्स से संक्रमित है। इस महीने की शुरुआत में वह व्यक्ति जननांग मस्सा के लक्षण के बाद चिकित्सीय परामर्श के लिए एक अस्पताल गया था, जो गर्दन, गाल, बांह और पैरों तक भी फैल गया था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# लोक महोत्सव के रूप में मनी श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की दूसरी वर्षगांठ

### धाम में पूजा पाठ के साथ निकली शोभा यात्रा, शंखनाद और डमरुवादन से गूंज उठा महादेव का आंगन





वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की दूसरी वर्षगांठ लोक महोत्सव के रूप में मनाई गई। महादेव का आंगन शंखनाद और डमरुवादन से गूंज उठा। फूलों से धाम को बेहद आकर्षक तरीके से सजाया गया था। मंदिर परिसर में वेद परायण, महारुद्राभिषेक और हवन पूजन के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। त्र्यम्बकेश्वर हाल में गोष्ठी हुई। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राम मंदिर और चंद्रयान की झांकी भी दिखी।

श्री काशी विश्वनाथ धाम के विस्तारीकरण और स्वर्णमंडित होने के बाद नव्य और भव्य कॉरिडोर की आभा देखने और काशी पुराधिपति को शीश नवाने के लिए भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। भक्तों की दो सालों में रिकॉर्ड लगभग 13 करोड़ से अधिक की आमद हुई है। इसमें लगभग 16 हज़ार विदेशी भक्त भी हैं।

### हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रही काशी

हर-हर महादेव के उद्घोष से बुधवार को काशी गुंजायमान थी, अवसर था श्री काशी विश्वनाथ धाम के दूसरी वर्षगांठ के समारोह का। शिव की नगरी में भगवान श्रीराम का धाम देखने को मिला।

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के दूसरे वर्षगांठ पर शिव बारात समिति की ओर से मैदागिन से चितरंजन पार्क तक शोभायात्रा निकाली गई। समिति के संस्थापक व सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि 13 दिसम्बर काशी में लोक महोत्सव के रूप मनाया गया। धर्म के साथ विज्ञान के रूप में चंद्रयान-3, नारी सशक्तिकरण के रूप में नारी शक्ति वंदन बिल की झलक भी देखने को मिली।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। काशी के संत, महात्मा रथ पर बैठ कर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

### 13 दिसंबर 2021 को हुआ था लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को मूर्त रूप देने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अहम भूमिका निभाई थी। काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के लगभग 3 हज़ार वर्ग फुट से, लगभग 5 लाख वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में परिवर्तित होने के बाद 13 दिसम्बर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पित हुई थी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के दूसरी वर्षगांठ पर हुए समारोह व हवन-पूजन में शहर दक्षिणी के विधायक नीलकंठ तिवारी, श्री काशी विश्वनाथ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा समेत कई अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ । (पीएमए) नियंत्रक संचार लेखा की लखनऊ इकाई द्वारा कार्यस्थल में लिंग जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुये आई.एफ.ओ.एस., उपमहानिरीक्षक डॉ. प्राची गंगवार ने कहा कि मौजूदा पितृसत्तात्मक समाज में शिक्षा के माध्यम से ही सामाजिक मानदंडों में बदलाव लाना संभव है। ऐसे में समाज में लिंग आधारित रूढ़िवादिता और लैंगिक आधार पर भूमिकाओं के निर्धारण के मुद्दे को संबोधित करने तथा लड़कियों के बीच लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को कम करने की दिशा में, इस तरह के डिजाइन किए गए लिंग संवेदनशील पाठ्यक्रम एवं शिक्षण पद्धतियां, बदलाव को गति देने वाले कारक साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि जेंडर एट वर्क एक ऐसी दुनिया की कल्पना करता है जो महिलाओं के मानवाधिकारों और समानता की संस्कृतियों, विशेषकर लैंगिक समानता को महत्व देता है और उनका सम्मान करता है।डां गंगवार ने कहा कि हम समझते हैं कि असमानता रखने वाली सत्ता की प्रणालियों को बदलने के लिए लोगों, संस्थानों और संगठनों के बीच संबंधों को बदलना होगा। संगीत कुमार , नियंत्रक संचार लेखा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि कार्यस्थलों के लिए लैंगिक समानता हासिल करना न केवल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह %निष्पक्ष% और सही काम है, बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह देश के समग्र आर्थिक प्रदर्शन से भी जुड़ा हुआ है। कार्यस्थल पर लैंगिक समानता निम्न से जुड़ी है- बेहतर राष्ट्रीय उत्पादकता और आर्थिक विकास ।

कुमार ने कहा कि लिंग भेदभाव अक्सर पूर्वकल्पित, गलत सामाजिक और व्यक्तिगत धारणाओं में निहित होता है कि लिंग क्या है, लिंग कैसे दिखना चाहिए, या लिंग का प्रदर्शन कैसे किया जाता है।उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, बहुत से लोग गलत तरीके से मानते हैं कि किसी का जैविक लिंग हमेशा उनके लिंग और इसलिए उनके दृष्टिकोण और व्यवहार को निर्धारित करता है। कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा , दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय , भारत सरकार, लखनऊ द्वारा कार्यस्थल में लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । उक्त कार्यशाला में डॉ. प्राची गंगवार, आई.एफ.ओ.एस., उपमहानिरीक्षक, वन (सी), एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, एम.ओई.एफ.सी.सी., लखनऊ बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुई ।

## शार्ट न्यूज

### जिला खरीद अधिकारी ने धान खरीद की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

वाराणसी। (पीएमए) अपर जिलाधिकारी (विश/रा0)/जिला खरीद अधिकारी वन्दिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बुधवार को धान खरीद की समीक्षा की गयी। जिसमें जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुनील भारती व समस्त एजेंसी के जिला प्रभारी उपस्थित थे। जनपद में कुल 6990.58 मी0टन धान खरीद 1303 किसानों से की गयी है, पी0सी0एफ0 द्वारा अब तक 2466.51 मी0टन धान खरीद 523 किसानों से की गयी। जो गतवर्ष से काफी कम है। जिस पर जिला खरीद अधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी और जिला प्रबंधक पी0सी0एफ0 को गतवर्ष के सापेक्ष धान खरीद किये जाने एवं धान की डिलीवरी तेजी से कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। समस्त जिला प्रबंधकों को धान की डिलीवरी तेजी से कराये जाने के निर्देश दिये गये और हिदायत दी गयी कि क्रय केन्द्र पर धान डम्प न हो तत्परता से डिलीवरी करायी जाये और तत्परता से सी0एम0आर0 डिलीवरी भी किया जाये एवं किसानों का भुगतान शतप्रतिशत किया जाये।

### स्काउट डेन पर लाँच किया गया नया स्कार्फ

वाराणसी, 13 दिसम्बर(पीएमए)मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देश तथा जिला आयुक्त स्काउट एण्ड गाइड एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(ष्ट×ङ्ख) श्री अनुभव पाठक के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइडस जिला संघ – वाराणसी से सम्बद्ध यूनिट श्रीराम बाजपेई ग्रुप का एक ग्रुप स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्काउट डेन पर नया स्कार्फ को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ लॉन्च किया गया। यह स्कार्फ श्री राम बाजपेई ग्रुप के ग्रुप लीडर श्री असित कुमार घोष द्वारा लॉन्च किया गया। आज के इस कार्यक्रम मे ग्रुप लीडर द्वारा सभी कब/स्काउट/रोवर को स्कार्फ पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई और श्री राम बाजपेई ग्रुप के इतिहास के बारे में भी जानकारी दी गई ।साथ ही ग्रुप की गतिविधियों को शार्ट टर्म एवं लांग टर्म के रूप मे बनाए जाने पर बल दिया गया ।

### 18 दिसंबर को चार स्थानों पर मनाया जायेगा, अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

बलिया। (पीएमए) जनपद के समस्त अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम सिख ईसाई बौद्ध फारसी व जैन) को सूचित करते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पांडेय ने बताया है कि इस वर्ष सरकार ने 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित योजनाओं एवं अन्य विषयों पर चर्चा व गोष्ठी की जाती है। साथ ही 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस समय 10:30 बजे जनपद के निम्न अल्पसंख्यक संस्थानों में मनाया जाएगा। जिसमें मदरसा फरोगे तालीम निस्वा उमरगंज, मदरसा दारुल उलूम सरकारे आशी सिकंदरपुर, मदरसा दारूतालीम इमलिया बेल्थरारोड एवं मदरसा अंजुमन इस्लामिया दारुल उलूम हुसैनिया कोठी रसड़ा में बनाया जायेगा।

### खंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन

बलिया। (पीएमए)युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में बुधवार को विकास खंड हनुमानगंज के बसंतपुर खेल मैदान पर सब जूनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग में खंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुराधा सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में अपना महत्व है। जूनियर बालक वर्ग कबड्डी में गुरवा की टीम प्रथम एवं केशरुवा गांव की टीम द्वितीय स्थान रही। साथ ही विजेताओं को प्रमाण पत्र, मेडल व ट्रॉफी से पुरस्कृत भी किया गया। इस खेल में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया। विद्या के मंगल दल अध्यक्ष विजय कांत व अन्य मंगल दल का भी पूरा सहयोग रहा। इस अवसर पर कन्हैया चौबे, विष्णु प्रताप सिंह, संतोष व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में करेत्तर की बैठक

हरदोई। (पीएमए) आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कर-करेत्तर की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व की रैंकिंग में सुधार के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। ई श्रेणी वाले विभागों की जवाबदेही तय की जाएगी। लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए कार्ययोजना के अनुसार कार्य किया जाए। सभी विभाग आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने सिंचाई विभाग को खराब प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नगर निकायों को मॉडल शॉप के कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थान चिन्हीकरण का अवशेष कार्य जल्द कराया जाए। रिक्त दुकानों के आवंटन में स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर कर करेत्तर से जुड़े समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

### छात्रवृत्ति हेतु करे आवेदन

हरदोई । (पीएमए) जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि शौक्षिक सत्र-2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा-9-10 कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन करने से लेकर वितरण तक की समस्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही निर्धारित तिथियों मे पूर्ण की जायेगी। उन्होंने बताया कि 08 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2023 तक विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। 15 दिसम्बर 2023 तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। 02 जनवरी 2024 तक कक्षा-9-10 के छात्र/छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन व अन्य प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। 06 जनवरी 2024 तक हार्डकॉपी छात्र/छात्राओं द्वारा वांक्षित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा।

### टिकट जाँच अभियान में 2519 यात्रियों को चार्ज किया गया,1643220 रुपए की हुई वसूली

वाराणसी, 13 दिसम्बर(पीएमए) मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक श्री शेख रहमान के निर्देश तथा मंडल वाणिज्य प्रबन्धक श्री राजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में मण्डल के क्षेत्राधिकार में चलने वाली गाडियो में बिना टिकट अनाधिकृत / अनियमित रुप से यात्रा करने वाले यात्रियो के बीच टिकट जाँट अभियान चलाया गया है। इसी क्रम में दिनांक 12 दिसम्बर 2023 को सहायक वाणिज्य प्रबंधक वाराणसी श्री पुष्कर सिंह रावत द्वारा वाराणसी एवं मण्डल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर टिकट चेकिंग टीम में कार्यरत 37 टिकट जॉच कर्मचारियो तथा ट्रेन मैनिंग के कार्य में कार्यरत 134 टिकट जाँच कर्मचारियो द्वारा बिना टिकट 1333 यात्रियो को चार्ज किया गया जिनसे रु. 1021562/- की वसुली की गयी तथा साथ ही अनियमित कुल 1186 यात्रियो को चार्ज करते हुये रु. 621658/- की वसुली की गयी।

### खाद्य प्रतिष्ठान से लिये गए नमूने जांच हेतु भेजे

गाजीपुर । (पीएमए) आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी गाजीपुर के निर्देश पर जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत जनपद गाजीपुर में पनीर के 06 नमूनें जॉच हेतु संग्रहित किये गये, जिसमें जलालाबाद चौराहा तहसील जखनिया गाजीपुर स्थित प्रकाश यादव के प्रतिष्ठान से पनीर का 01 नमूना, महराजगंज गाजीपुर स्थित हरिहर नाथ यादव के निर्माण प्रतिष्ठान से पनीर का 01 नमूना, खजुरिया चौराहा गाजीपुर स्थित अमरनाथ यादव के निर्माण प्रतिष्ठान से पनीर का 01 नमूना, मियापुरा गाजीपुर स्थित मनोज यादव के निर्माण प्रतिष्ठान से पनीर का 01 नमूना, परसपुरा सुभाष नगर गाजीपुर स्थित मुन्ना सिंह यादव के निर्माण प्रतिष्ठान से पनीर का 01 नमूना, बंशीबाजार गाजीपुर स्थित रमेश यादव के निर्माण प्रतिष्ठान से पनीर का 01 नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित नमूनें जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0, प्रेषित किये जा रहें है।

## माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश

आजमगढ़ ।(पीएमए) जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज ने बताया कि शासन द्वारा माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गये है। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन अर्थात प्रथम व तृतीय शनिवार को यदि सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो उक्त तिथि का सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जायेगा, जिससे जन समस्याओं के निस्तारण में कोई बाधा न उत्पन्न हो सके। उक्त के क्रम में जनपद समस्त तहसीलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित करने हेतु चक्रानुक्रम कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके अन्तर्गत दिनांक 06 जनवरी 2024 को तहसील निजामाबाद, 20 जनवरी को सदर, 03 फरवरी को मार्टीनगंज, 17 फरवरी को बूढ़नपुर, 02 मार्च को मेंहनगर, 16 मार्च को सगड़ी, 06 अप्रैल को लालगंज, 20 अप्रैल को फूलपुर, 04 मई को निजामाबाद, 18 मई को सदर, 01 जून को मार्टीनगंज, 15 जून 2024 को तहसील बूढ़नपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस दिनांक 06 जनवरी 2023 को सगड़ी, लालगंज एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 20 जनवरी को कलेक्ट्रेट, मार्टीनगंज एवं निजामाबाद में क्रमशः, 03 फरवरी को बूढ़नपुर, कलेक्ट्रेट एवं सगड़ी में क्रमशः, 17 फरवरी को मेंहनगर, सदर एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 02 मार्च को कलेक्ट्रेट, फूलपुर एवं बूढ़नपुर में क्रमशः, 16 मार्च को लालगंज, कलेक्ट्रेट एवं मार्टीनगंज में क्रमशः, 06 अप्रैल को सदर, बूढ़नपुर एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 20 अप्रैल को कलेक्ट्रेट, निजामाबाद एवं मेंहनगर मे क्रमशः, 04 मई को मार्टीनगंज, कलेक्ट्रेट एवं फूलपुर में क्रमशः, 18 मई को निजामाबाद, सगड़ी एवं कलेक्ट्रेट में क्रमशः, 01 जून को कलेक्ट्रेट, मेंहनगर एवं सदर में क्रमशः तथा 15 जून 2024 को तहसील फूलपुर, कलेक्ट्रेट एवं निजामाबाद में क्रमशः आयोजित किया जायेगा।

# सांसद रोजगार मेला में ऑफर लेटर पाते ही बेरोजगार युवक-युवतियों के चेहरे खुशी से खिल उठे

### 11707 बेरोजगार युवक-युवतियों को ऑफर लेटर देकर सेवायोजित किया गया

वाराणसी। (पीएमए) सांसद रोजगार मेला का आयोजन मंगलवार को आईटीआई करौंदी परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें लगभग 10 हजार से अधिक युवक- युवतियों को ऑफर लेटर देकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। ऑफर लेटर पाने के बाद बेरोजगार युवक-युवतियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बताते चले कि सांसद रोजगार मेला जिले में गत 09 एवं 12 दिसंबर को आयोजित किया गया।

सांसद रोजगार मेला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा के सदस्य अनिल अग्रवाल ने में प्रतिभाग कर रहे युवक युवतियों सहित उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आज पूरे हिंदुस्तान की तस्वीर बदल रही है, उसमें उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो काशी के सांसद भी हैं उनके नेतृत्व में भारत विकास के एक बहुत बड़ी यात्रा पर है और उसके अब धीरे-धीरे परिणाम भी देखने लगे हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का बागडोर संभाली थी, तो देश में एक निराशा का माहौल रहा और देश की अर्थव्यवस्था विश्व में दसवें नंबर की रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास से आज भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है। जो जल्दी ही विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में, पूरे हिंदुस्तान में अलग-अलग इन्वेस्टर्स समिट होते हैं और बहुत बड़ी संख्या में विदेशी इन्वेस्टर्स भारत में आ रहे हैं और उत्तर प्रदेश में उनका बहुत बड़ा रूख है। वे यहां अपनी फैक्ट्री उद्योग लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। आज भारी संख्या में कंपनियों के पास रोजगार हैं। ऐसा नहीं है कि पहले नहीं रहा, किंतु कंपनियों की अपेक्षानुसार बच्चे नहीं मिलते थे और बच्चों को उनकी योग्यता के अनुसार काम नहीं मिलता था। लेकिन इस गैफ को सरकार ने बच्चों का स्किल डेवलपमेंट कर पाटा और वर्तमान समय में कंपनियों की अपेक्षानुसार भारी संख्या में बच्चे मिल रहे हैं और बच्चों को उनकी अपेक्षानुसार रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि आज निरंतर जिस प्रकार से भारत प्रगति कर रहा है। नई-नई जॉब आ रहे हैं। यह शुरुआत है, अंत नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को आज सेलेक्शन नहीं हुआ है, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। कंपनियों से बात करके, इससे भी बड़ा रोजगार मेला का आयोजन कर उनके स्किल के अनुसार उन्हें भी सेवायोजित कराए जाने का प्रयास होगा।

जिलाधिकारी ए. राजलिंगम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिन लोगों का आज इस संसद रोजगार मेला में सेलेक्शन नहीं हुआ है।

उसका फीडबैक लेकर उनके स्किल के अनुसार उन्हें भी रोजगार दिलाए जाने का कार्य किया जाएगा। सांसद रोजगार मेला में एमएलसी अश्वनी त्यागी, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, विभिन्न कंपनियों सहित अन्य विभागीय अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# खेल प्रतियोगिता का आयोजन

गाजीपुर। (पीएमए) क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी गाजीपुर विकास खण्ड-करण्डा द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत ग्रामीण खेल प्रतियोगिता दिनांक 12.12.2023 को प्रातः 10.00 बजे जू0हा0स्कूल धरवॉ के खेल मैदान में आयोजित की गयी। उद्घाटन रमेश कुमार, प्रधानाचार्य द्वारा फीता काटकर किया गया। खेल संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी चन्द्रकान्त यादव द्वारा किया गया।

सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी एवं कुश्ती के विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार का वितरण किया गया।

बालक वर्ग 100 मी0 सब जूनियर में शिवकुमार पुत्र देवशरण राम प्रथम, रवि कुमार पुत्र सुभाष राम द्वितीय स्थान एवं अर्जुन पुत्र केशव राम तृतीय , जूनियर में सत्यानंद कुमार पुत्र अमरनाथ प्रथम एवं द्वितीय शिव पटेल पुत्र जितेन्द्र पटेल, रवि कुमार पुत्र सत्येन्द्र तृतीय, 1500 मी0 जूनियर में हरिओम पाल प्रथम, अखिलेश यादव द्वितीय, अंकित तृतीय, 400 मी0 में आदित्य सिंह प्रथम, प्रिंस यादव द्वितीय, अखिलेश यादव तृतीय, 200 मी0 में अखिलेश यादव प्रथम, सत्येन्द्र कुमार द्वितीय, शिवम पटेल तृतीय। सबजूनियर 200 मी0 में सत्येन्द्र कुमार प्रथम , शिवम पटेल द्वितीय, रवि कुमार तृतीय एवं बालिका वर्ग सब जूनियर 100 मी0 मे चॉदनी प्रथम, तारा द्वितीय, ऑचल कुमारी तृतीय। कुश्ती में सब जूनियर में सूरज कुमार 55 किग्रा0 वर्ग में प्रथम, 65 किग्रा0 प्रियांशु कुमार प्रथम, 57किग्रा0 वर्ग में विजय बहादुर प्रथम, जूनियर वर्ग में 61 किग्रा0 रामाशीष कुमार प्रथम, 57 किग्रा0 रवि कुमार प्रथम, सीनियर में 61किग्रा0 में प्रथम एवं 65 किग्रा0 प्रदीप कुमार भारती प्रथम।

कबड्डी में प्रथम आरी पहाड़पुर एवं द्वितीय स्थान कुसुम्हीकला, लम्बीकूद में सदानंद कुमार प्रथम, शिवम यादव द्वितीय, प्रिंस यादव तृतीय, । वालीबाल प्रतियोगिता में कुसुम्हीकला प्रथम विजयी, आरी पहाड़पुर उपविजेता रही।

कार्यक्रम में राजेश यादव द्वारा समापन किया गया इस दौरान अखिलेश यादव, एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा खेल संघ के कोच दिवाकर यादव मौजूद रहे।

### छह हजार की रेंज में इन्फिनिक्स ने उतारा खूबियों वाला स्मार्ट फोन

लखनऊ । देश की जानी मानी मोबाईल फोन प्रदाता कंपनी इन्फिनिक्स ने निम्न मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुये नवाब नगरी लखनऊ में मंगलवार को अपनी स्मार्ट सीरीज़ में नया स्मार्टफोन इन्फिनिक्स स्मार्ट 8एचडी पेश किया है। कंपनी का दावा है कि छह हजार 299 रुपये की वाजिब कीमत में उपलब्ध यह स्मार्ट फोन शानदार फीचर्स से भरपूर है, जो इस सेगमेंट के लिए नए मानक स्थापित करते हुए स्मार्टफोन का अत्याधुनिक अनुभव प्रदान करेगा। इन्फिनिक्स 8एचडी में यूज़र्स को परफॉर्मेंस और सुंदरता का बेहतरीन मिश्रण प्रदान करने के लिए स्मार्ट सीरीज़ के पिछले स्मार्टफोंस के मुकाबले बड़े अपग्रेड किए गए हैं।

# अयोध्या से दिल्ली के लिए जल्द चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

अयोध्या। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य राम मंदिर में रामलला का दर्शन रामभक्त को कराने के लिये अयोध्या से दिल्ली के लिये जल्द ही वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन किया जायेगा।

अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह ने आज यहां यूनीवार्ता से बातचीत करते हुए बताया कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर दिव्य और भव्य राम मंदिर में रामलला का दर्शन रामभक्तों को कराने के लिये अयोध्या से दिल्ली के लिए जल्द ही वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन किया जायेगा। अयोध्या को रेल मार्ग से जोड़ा जायेगा। देश के सभी हिस्सों से अयोध्या के लिये ट्रेनें उपलब्ध करायी जायेंगी।

उन्होंने बताया कि श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व कई ट्रेनों के रूट में बदलाव के साथ-साथ नई ट्रेनें भी चलायी जायेंगी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है इसलिए पूरे देश से श्रद्धालु श्रीराम के दर्शन हेतु अयोध्या आना चाहते हैं, जिसको लेकर पूरे अयोध्या को जोडने के लिये सरकार काम कर रही है। अयोध्या का इंटरनेशनल हवाई अड्डा बनकर तैयार है। अयोध्या आने के लिये सडकों का जाल बिछाया जा रहा है। रेल से आवागमन में जल्द ही अयोध्या से दिल्ली वंदे भारत का संचालन प्रारम्भ होगा।

## महिला के शव से आंख गायब होने के मामले में दो डॉक्टर गिरफ्तार

बदायूं। उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूं के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित पोस्टमार्टम हाउस में विगत दिनों विवाहिता के पोस्टमार्टम के पश्चात उसकी आंख गायब होने के मामले में आज थाना सिविल लाइंस पुलिस ने पोस्टमार्टम करने वाली टीम के दो प्रमुख डॉक्टरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनका मेडिकल परीक्षण करवाकर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने दोनों डॉक्टरों को दोषी मानते हुए जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी के आदेश पर कल पोस्टमार्टम करने वाली मेडिकल टीम के विरुद्ध मानव अंगो के प्रत्यार्पण अधिनियम की धारा 18 और शव को अपमानित करने की धारा 297 के तहत सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पोस्टमार्टम करने वाले दो डॉक्टर्स से कल थाने में पूछताछ भी की गई थी। मृतिका के भाई राजकुमार पुत्र गंगाचरण की तहरीर पर दर्ज हुआ था मुकद्दमा। डीएम के आदेश पर पैनल द्वारा विवाहिता के दोबारा पोस्टमार्टम में भी उसकी दोनों आंखे गायब पाई गई थीं। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक और मुकदमे के विवेचक गौरव बिश्नोई ने बताया कि प्रारंभिक विवेचना के दौरान दोषी पाए गए। डॉ मो आरिफ और डॉ मो ओवैस को डीएम आवास रोड़ के निकट स्थित चौराहे के पास से आज दोपहर बाद गिरफ्तार किया गया।

# यूपी में स्टार वर्गीकृत पोर्टल हास्पिटेलिटी सेक्टर में निवेश को देगा रफ्तार : जयवीर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को कहा कि नया स्टार होटल वर्गीकरण पोर्टल न सिर्फ हास्पिटेलिटी सेक्टर में निवेश को रफ्तार प्रदान करेगा बल्कि पर्यटकों के लिये सुविधाजनक साबित होगा। सिंह ने यहां पोर्टल का उद्घाटन करते हुए कहा कि होटलों के इस वर्गीकरण से उनकी एवं रिसॉटस गुणवत्ता, सेवाओं और समग्र सुविधाओं तथा अतिथि अनुभव के आधार पर किया गया है। इससे होटलों के कारोबार को गति मिलेगी। नई संशोधित वर्गीकरण प्रणाली में पांच अलग-अलग श्रेणियॉ शामिल की गयी हैं। नई स्टार होटल वर्गीकरण प्रणाली के लाभ बहुआयामी हैं। इस प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त होटल कई प्रकार के प्रोत्साहनों के पात्र होंगे और उन्हे उद्योग मानक के तहत सब्सिडी और टैक्स का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग ने प्रदेश के संचालित होटलों और रिसॉट्स के स्टार वर्गीकरण की मंजूरी के लिए एक नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली शुरू की है। इसका उद्देश्य राज्य में अधिक होटल कमरों की उपलब्धता, बेहतर सुविधाओं के साथ हास्पिटेलिटी उद्योग में सुधार के साथ-साथ होटल और रिसॉट्स को उद्योग के बराबर सब्सिडी और प्रोत्साहन प्राप्त होगा। सिंह ने कहा कि यूपी अपने सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक स्थलों और जीवंत शहरों के लिए जाना जाता है। राज्य सरकार निरन्तर पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दे रही है। नई संशोधित वर्गीकरण प्रणाली में पांच अलग-अलग श्रेणियॉ शामिल हैं। इनमें प्लेटिनम, डायमण्ड, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज जो होटल उद्योग की पारम्परिक स्टार रेटिंग है। क्रमशः 05 स्टार, 04 स्टार, 03 स्टार, 02 स्टार और 01 स्टार वर्गीकरण के अनुरूप है। जिसे पर्यटन मंत्रालय द्वारा निर्धारित किया गया है। यह संशोधित प्रणाली पर्यटकों के लिए चयन प्रक्रिया को और सरल बनायेगी। इसके साथ ही होटलों के बीच उच्च सेवा मानकों को प्रोत्साहित करेगी।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि नई वर्गीकरण प्रणाली में प्रतिभाग और जानकारी के लिए यूपी पर्यटन विभाग ने अपनी अधिकारिक वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू.यूपीटूरिज्म.जीओवी.इन पर न्यूनतम अपेक्षित शुल्क के साथ न्यू होटल स्टार वर्गीकरण सिस्टम में आवेदन करने के लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम राज्य में न्यू स्टार होटल वर्गीकरण प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी होगा।